हिंदी दैनिक
# द फोटोन न्यूज
सच के हक में...
झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित
रांची ● गुरुवार, 13 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 87 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com
E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

**सुविचार**
यह मत भूलें कि जो शरीर व मस्तिष्क ईश्वर ने विश्व के सबसे सफल व्यक्ति को दिया है, वही आपको भी दिया है। बस आपको उसका उपयोग कैसे करना है, यह आप तय करेंगे।



सिंगर मीका ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 60,392.77 |
| निफ्टी | : | 17,812.40 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,829 |
| चांदी | : | 81.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (गुरुवार) : 06.10
सेहरी (शुक्रवार) : 04.11

# खूंटी में पीएलएफआइ का एरिया कमांडर पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार

**संवाददाता, खूंटी :**

प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर रोहित टोपना उर्फ राटा(25 ) को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर उड़ीकेल खिजुरटोली गांव के टोंगरी से राटा को पकड़ लिया। गिरफ्तार उग्रवादी तोरपा थानांतर्गत महराओड़ा गांव का निवासी है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, चार जिंदा गोली सहित पीएलएफआइ का पर्चा और चंदा रसीद बरामद किया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात रनिया थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का एरिया कमांडर राटा उर्फ रोहित टोपनो अपने दस्ता सदस्यों के साथ लेवी वसूलने और संगठन का प्रचार- प्रसार करने के लिए रनिया थाना क्षेत्र के उड़ीकेल, खेरखई, बेलसिया, जराकेल आदि गांवों के आसपास क्षेत्रों में भ्रमणशील है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार द्वारा तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ 94 बटालियन रनिया कैम्प के साथ एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रनिया थाना क्षेत्र के उड़ीकेल खिजुरटोली गांव स्थित टोंगरी से पीएलएफआई के एरिया कमांडर राटा उर्फ रोहित टोपनो को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके अन्य सहयोगी अंधेरे का लाभ उठाकर सुरक्षित भागने में सफल रहे। बताया गया कि गिरफ्तार उग्रवादी राटा वर्ष 2015 से लूट, डकैती, हत्या, लेवी मांगने तथा नक्सली घटनाओं में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध जिले के तोरपा, कर्रा, खूंटी, एवं मुरहू थाना में लूट, डकैती, हत्या, आर्म्स एक्ट आदि संगीन धाराओं में 12 मामले दर्ज हैं। पुलिस को लंबे दिनों से उसकी तलाश थी।

## भाजपा ने लाठीचार्ज के खिलाफ निकाला मौन जुलूस

**रांची :** सचिवालय घेरो के दौरान भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदेश भाजपा ने बुधवार को काला दिवस मनाया। प्रदेश से मंडल स्तर तक भाजपा कार्यकताओं ने काला बिल्ला और काली पट्टी बांधकर लाठीचार्ज की घटना का विरोध जताया। देर शाम महानगर भाजपा ने रांची के हरमू चौक से मौन जुलूस निकाला। माथे और मुंह पर काली पट्टी बांधकर भाजपा के कार्यकर्ता हरमू चौक पर जमा हुए। यहां मुख्यमंत्री के सांकेतिक पुतले की शवयात्रा निकाली गई।

**ब्रीफ न्यूज**

## आजसू गुरुवार को राज्यभर में करेगी न्याय मार्च

**रांची :** ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) पार्टी गुरुवार को राज्यभर में न्याय मार्च निकालेगी और अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे। आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बुधवार को बताया कि रांची में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मोरहाबादी स्थित बापू बाटिका से पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय तक जायेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डॉ देवशरण भगत ने राज्य सरकार की कार्यशैली की आलोचना करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में झारखंडी भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ जो विश्वासघात किया है, उससे जनता ऊब चुकी है। सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, गरीब, बुजुर्ग सभी को ठगने का काम किया है। तीन साल में कोई वैकेंसी नहीं, परीक्षा नहीं। नियुक्तियां और बहाली नहीं। जबकि खुद मुख्यमंत्री का वादा पब्लिक डोमेन में है कि सत्ता में आते ही पहले साल पांच लाख नौकरियां देंगे। डॉ. भगत ने कहा कि बड़े पैमाने पर संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार से राज्य का विकास अवरूद्ध हो रहा है। अराजकता का वातावरण है। राज्य की छवि लगातार खराब हो रही है। गुरुवार को आजसू पार्टी महज विरोध की खातिर पूरे राज्य में न्याय मार्च नहीं निकालेगी, बल्कि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को विचार, मंथन और जनादेश का हिसाब लेने के लिए भी जगाएगी।

## झारखंड का बदल रहा है डेमोग्राफी: दीपक प्रकाश

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को जमशेदपुर में हेमंत सरकार पर तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जमशेदपुर की घटना में सत्ताधारी दल के इशारे पर प्रशासनिक पदाधिकारी समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया। पूरे प्रदेश में योजना बनाकर बहुसंख्यक समाज के मंदिरों पर आक्रमण किया जा रहा है। पलामू, लोहरदगा, राँची जैसे स्थानों पर साजिश रची गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मध्यम से पीएफआई की शाखा के लोग मंदिरों पर हमला कर रहे हैं। इससे पूरे झारखंड का डेमोग्राफी बदल रहा है। घुसपैठिए आदिवासी बेटियों के साथ शादी कर उनकी जमीनें लूट रहे हैं। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण उपद्रवियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रकाश ने कहा कि जमशेदपुर घटना में भाजपा कार्यकर्ताओं पर बेसलेस एफआईआर किया गया है। पोलिटिकल बेस्ड एफआईआर किया गया है।

## आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए अपने कौशल और ज्ञान का करें उपयोग : राज्यपाल

**संवाददाता, रांची**

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची ने बुधवार को अपना दूसरा ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाया। यह 2020-23 बैच के स्टूडेंट्स का ग्रेजुएशन सेरेमनी था, जहां 35 स्टूडेंट्स को डिग्री दी गयी। साथ बैच के सभी 35 स्टूडेंट्स को ज्वाइनिंग लेटर भी दिया गया। प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया कि रांची आईएचएम का यह दूसरा साल है जब सभी स्टूडेंट्स को जॉब मिला है। इस तरह से संस्थान का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। ग्रेजुएशन सेरेमनी के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आपने कड़ी मेहनत, समर्पण एवं अध्ययन की बदौलत अपनी डिग्री अर्जित की है। अब आपको अपने व्यावहारिक जीवन में विभिन्न चुनौतियों का कुशलतापूर्वक सामना करने के लिए तैयार रहना है। आप अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक आतिथ्य क्षेत्र में अपने अर्जित ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के साथ उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सक्षम बनें। आप सभी ने यहां जो शिक्षा प्राप्त की है। वह निश्चित रूप से आपकी पेशेवर यात्रा में सहायक होगी। यही आपको पहचान भी दिलाएगी।

उन्होंने छात्रों से आग्रह करते हुए कहा कि वे हमारे राज्य और देश में आतिथ्य क्षेत्र के विकास के लिए अपने कौशल और ज्ञान का उपयोग करें। आतिथ्य क्षेत्र में लोगों को एक साथ लाने, अविस्मरणीय अनुभव बनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की शक्ति निहित है। आतिथ्य पेशेवर के रूप में, आपके समक्ष लोगों के जीवन में बदलाव लाने एवं हमारे समाज में सद्भाव को बढ़ावा देने का अवसर है। आतिथ्य हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसका विकास और सफलता आपके महत्वपूर्ण योगदान पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि अपने करियर की शुरूआत करते समय याद रखें कि आप न केवल अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि आईएचएम रांची और हमारे झारखंड राज्य का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप हमारे आतिथ्य के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं। इसकी प्रतिष्ठा को बनाए रखने की जिम्मेदारी आपकी है। राज्यपाल कहा कि आपने कड़ी मेहनत, समर्पण एवं अध्ययन प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए अपनी डिग्री अर्जित की है। अब आपको अपने व्यावहारिक जीवन में विभिन्न चुनौतियों का कुशलतापूर्वक सामना करने के लिये तैयार रहना है। जैसा कि मुझे बताया गया कि संस्थान ने अपनी स्थापना के चार वर्षों के अंतराल में बड़ी सफलता अर्जित की है। संस्थान को 2021 में मोस्ट अड्मिरेड होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।

## झामुमो नेता सुप्रियो ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना

**संवाददाता, रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने भाजपा के सचिवालय घेराव के कार्यक्रम पर कहा कि धुर्वा इलाके में मंगलवार को एक शालीमार बाजार और दूसरा बौखलायी राजनीतिक पार्टी भाजपा का प्रभात तारा मैदान में बाजार लगा था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम में राजनीतिक नारे लगाये जाते है। लेकिन भाजपा के सचिवालय घेराव के राजनीतिक कार्यक्रम में संप्रदायिक और उन्मादी नारे लगाये जा रहे थे। समाजिक



सौहार्द को बिगाड़ने वाले नारे थे। स्वच्छ तौर पर लोकतंत्र को समाप्त करने वाले नारे थे।

भट्टाचार्य बुधवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और अन्य भाजपा के कई सांसद एवं विधायक घेराव के लिए जुटे हुए थे। लेकिन उसमें एक व्यक्ति ऐसा था जो कल सीधा लोकतंत्र को प्रहार किया।

संवैधानिक संस्था को बौना बनाने का काम किया। उनहोंने कहा कि गोड्डा के सांसद निशिकांत को संवैधानिक ढ़ांचा को चुनौती देने का अधिकार किसने दिया। बाबूलाल और दीपक प्रकाश बतायें कि यह अधिकार निशिकांत को किसने दिया। आप माफी मांगे नहीं तो कानून के तहत झामुमो इस मामले पर कार्रवाई करेगी।

## घर में घुस कर हमलावरों ने कुदाल से मार कर की मजदूर की हत्या

**संवाददाता, गुमला**

डुमरी थाना क्षेत्र के डुमरडांड़ ग्राम निवासी राजेश्वर भगत (35) की कुदाल से मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार शाम करीब 5:30 बजे की है। इस संबंध में मृतक की पत्नी मनीषा ठिठिओ ने बताया कि उसका पति बुधवार की सुबह दोनों बच्चे को लेकर बैल चराने गया था। दोपहर को बैल लेकर वापस लौटा तो उसी समय टांगरडीह से फोन आया था। फोन में कहा गया कि ईंट बनाने का काम खत्म हो गया है, नया काम मिला है।

उसके लिए चार हजार रुपया एडवांस मिला है। दो - दो हजार रुपया दोनों में बांट लेने की बात कही गई। उसके बाद मेरे पति पैसा लेने के लिए गए और उधार से हड़िया पीकर साइकल से घर पहुंचे और मुझे दो हजार रुपया दिया। उसके बाद फिर फोन आया। फोन करने वाले ने बोला कि बेलटोली में काम है। मैंने बोला कि वह नशे की हालत में है। वह काम करने नहीं जा सकता है। मेरा पति आंगन में सो गया था। तब मैं घर का दरवाजा बाहर से बंद करके सब्जी बारी चली गई। उसके कुछ देर बाद घर आई तो देखा कि घर का आंगन में खून से लथपथ मेरे पति का शव पड़ा हुआ था। कुदाल से सिर और चेहरे पर गंभीर जख्म के निशान थे। मृतक को कंबल से ढंक दिया गया था। लाश को अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोरपा में फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**खूंटी :** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और सरकार की विलफताओं के विरोध में सचिवालय घेराव करने जा रहे भाजपा कार्यकताओं पर हुए वाटर कैनन और लाठी चार्ज के विरोध में भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने बुधवार की शाम तोरपा प्रखंड मुख्यालय के सामने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। मौके पर कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार गोली-बंदूक के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाहती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा की ओर से राज्य के हर मंडल में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला विरोधी, जन विरोधी, आदिवासी विरोधी, खनिज और बालू को लूटने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का भाजपा ने संकल्प लिया है। भाजपा कार्यकर्ता लाठी-डंडों से डरने वाले नहीं हैं। जब तक राज्य की भ्रष्ट सरकार नहीं हटती, तब तक भाजपा आंदोलन करती रहेगी। पुतला दहन के दौरान सभी कार्यकर्ता आने हाथों काली पट्टी बांधे हुए थे। मौके पर जिलाधक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, संतोष जयसवाल, नीरज जयसवाल, रंजीत वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भावी पीढ़ी के लिए भी सरकारी स्कूलों के स्तर में सुधार जरूरी: कड़िया मुंडा

**संवाददाता, खूंटी**

स्वयंसेवी संस्था लीड्स और ब्रेड फॉर द वर्ल्ड के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) सम्मलेन का आयोजन बुधवार को लीड्स के पेरका स्थित रिसोर्स सेंटर में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा ने कहा कि हमारी आगे की पीढ़ी और सुखी, संपन्न और ज्ञानवान हो इसके लिए सरकारी स्कूलों में पढाई के स्तर को सुधारना होगा। लोगों को अपनी मानसिकता में भी बदलाव लाने की जरुरत है, ताकि सरकारी विद्यालयों के प्रति सकारात्मक सोच बने।

उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेवारी है कि कोई भी बच्चा पढाई से छुटे नहीं। सम्मलेन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लीड्स के निदेशक एके सिंह ने कहा कि शिक्षा के मुद्दों और स्कूल की बेहतरी के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति और पंचायत प्रतिनिधियों को संवेदनशील बनाना इसका लक्ष्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी, मुरहू प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया, तोरपा प्रखंड के प्रमुख संतोष कर मौजूद थे। लीड्स के निदेशक एके सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूल कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन समस्याओं को चिह्नित कर समाधान करने में विद्यालय प्रबंधन समिति की काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय प्रबंधन समिति एक कानूनी समिति है जो शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गठित की गयी है। जन प्रतिनिधियों की भी जिम्मेवारी है कि वे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि आटीइ एक्ट तहत छह से 14 साल के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य में सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य शिक्षा का है, क्योंकि शिक्षा के बिना व्यक्ति और समाज का विकास अधूरा है। शिक्षा के बिना हम जीवन में आगे नहीं बढ़ सकता हैं इसलिए हरेक बच्चे को निःशुल्क और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। मुरहू प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया ने कहा कि वर्तमान में विद्यालय प्रबंधन समिति उतनी सक्रिय नहीं है और ना ही उनकी बैठकें समय से होती हैं।

## सीएसपी संचालक लूट मामले में पांच अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता, दुमका**

पुलिस ने सीएसपी संचालक से बंदूक की नोक पर लूट मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों में बिहार के बेगुसराय जिले के चंदन कुमार, भागलपुर जिले के सुमन कुमार उर्फ विकास यादव और भागलपुर जिले के रंजीत पोद्दार उर्फ सुमन, गोड्डा जिले के हलधर यादव और विमोचन यादव है शामिल हैं। अपराधियों के निशानदेही पर पुलिस एक बेलोरो लूटे गये कैश 91 हजार नगद, कागजात के अलावा दो देशी कट्टा, पांच पीस जिंदा कारतूस, एक धारदार चाकू बरामद किया गया है। एसडीपीओ जरमुंडी शिवेंद्र कुमार ने बुधवार को बताया कि गत सोमवार कोथाना क्षेत्र के बोंडिया सीएसपी संचालक राजेंद्र मांझी से बोलेरो सवार पांच हथियारबंद अपराधियों ने सहेजना मुय पथ पर 1.36 लाख रुपए छिनतई की घटना को अंजाम दिया थ। पुलिस पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज पुलिस जांच में जुट गई। एसपी अंबर लकड़ा के निर्देशानुसार थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय के नेतृत्व में तीन थाना के थानेदार सहित 18 सदस्यीय पुलिस टीम ने अपराधियों की गिरफ्तारी में जुट गई थी। पुलिस कर संदिग्ध अपराधियों से लगातार दो दिनों तक अपराधियों से पूछताछ करने के बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अरगोड़ा थाना से संबंधित मामले में उपायुक्त ने दी अभियोजन की स्वीकृति

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को अरगोड़ा थाना से संबंधित मामले में आरोपित आशीष सैमुअल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। 11 फरवरी 2023 को आरोपित आशीष सैमुअल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश को गुप्त सूचना के आधार पर अरगोड़ा चौक से डिबडीह जाने वाले रास्ते के समीप नवनिर्मित बस स्टॉपेज के पास से कुछ आपत्तिजनक सामान (ब्लैक स्टोन ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## जमीन के दाखिल खारिज में चार कर्मियों को बर्खास्त करने का फैसला अनुचित: सांसद

**संवाददाता, रांची**

**रांची :** गोड्डा से भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने बुधवार को ट्विटर के माध्यम से देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ध्यान दिलाते हुए कहा कि मामला उनके संबंधियों के जमीन और दाखिल खारिज संबंधी विवाद का है।

सांसद के मुताबिक देवघर के नीलकंठपुर मौजा (हल्का 11) में (खाता संख्या 275, टीपीपी 169) उनके पूर्वजों की 62.48 डिसमिल जमीन है। इस जमीन को उनके ससुर ने 1979 में खरीदी थी। उनकी मृत्यु के बाद यह जमीन उनकी सास और उनके बच्चों के नाम दाखिल खारिज हुआ। पर केवल इस आधार पर ही इस काम में लगे चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया। सांसद ने इसे देवघर डीसी की घटिया करतूत बतायी है। नीचता की पराकाष्ठा भी कहा है। इसे विनाशकारी फैसला बताया है। ट्विटर पर निशिकांत दुबे ने जमीनके दाखिल खारिज के रिकॉर्ड को भी शेयर किया है। इसके मुताबिक म्यूटेशन (केस सं 2124/2022-23, नीलकंठपुर मौजा-हल्का 11)) के लिए 28 फरवरी 2023 को आवेदन प्रशासन को प्राप्त हुआ। सात मार्च को इसे सीओ स्तर से आगे फॉरवर्ड किया गया। प्रक्रियागत तरीक के बाद एक अप्रैल को कर्मचारी ने इसे वेरिफाई किया। फिर सीआई ने इसे दो अप्रैल को और सीओ ने आठ अप्रैल को जरूरी स्टेप लिया। जमीन के क्रेता के तौर पर आशा मिश्रा, अनिताभ कुमार मिश्रा और सुमिता गौतम (सभी पटना निवासी) तथा अनामिका गौतम (पति-निशिकांत दुबे) का नाम है। सांसद का कहना है कि इसी जमीन के म्यूटेशन कार्य में लगे चार कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है।



### प्रधानमंत्री ने राजस्थान की पहली वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# राजस्थान को मिली पहली ''वंदे भारत'' ट्रेन की सौगात

**संवाददाता, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश की 15वीं और राजस्थान की पहली स्वदेशी सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि मां भारती की वंदना करने वाली राजस्थान की धरती को आज पहली ''वंदे भारत'' ट्रेन मिल रही है। दिल्ली कैंट-अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से जयपुर-दिल्ली आना-जाना आसान होगा। ये ट्रेन, राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को भी मदद करेगी।

जयपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अजमेर-दिल्ली कैंट-अजमेर वंदे भारत ट्रेन की नियमित सेवा 13 अप्रैल से शुरू होगी। वंदे भारत ट्रेन में 16 चेयरकार कोच हैं। इसमें 1128 यात्रियों के बैठने की क्षमता है।

जयपुर स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने नई ट्रेन के शुरू होने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि ट्रेन परिचालन शुरू होने से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और दिल्ली का सफर कम समय में पूरा होगा।

अजमेर-दिल्ली कैंट-अजमेर वंदे भारत रेलसेवा का नियमित संचालन 13 अप्रैल से शुरू होगा। गाड़ी संख्या 20977, अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में 6 दिन (बुधवार को छोड़कर) अजमेर से सुबह 6:20 बजे रवाना होकर जयपुर 7:50 बजे आगमन और 07:55 बजे प्रस्थान कर, अलवर 9:35 बजे आगमन व 09:37 बजे प्रस्थान कर, गुरुग्राम 11:15 बजे आगमन व 11:17 बजे प्रस्थान कर 11:35 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 20978, दिल्ली कैंट-अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में 6 दिन (बुधवार को छोड़कर) दिल्ली कैंट से शाम 18:40 बजे रवाना होकर गुरुग्राम 18:51 बजे आगमन एवं 18:53 बजे प्रस्थान कर, अलवर 20:17 बजे आगमन व 20:19 बजे प्रस्थान कर, जयपुर 22:05 बजे आगमन एवं 22:10 बजे प्रस्थान कर 23:55 बजे अजमेर पहुंचेगी।

### राजनीतिक सौदेबाजी का दबाव हटा तो भारत में दौड़ने लगी रेल : पीएम

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आजादी के बाद से रेलवे के आधुनिकीकरण पर हमेशा राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। इस स्थिति में 2014 के बाद बदलाव आया जब देश ने एक स्थिर और मजूबत सरकार को चुना। इससे राजनीतिक सौदेबाजी रुकी और रेलवे ने चैन की सांस ली। इसके बाद रेल नई उंचाइयां छूने के लिए तेज गति से दौड़ने लगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली कैंट -अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। यह बड़ी बात उन्होंने इसी मौके पर कही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले की तुलना में राजस्थान के रेल बजट में 14 गुना की बढ़ोतरी की गई है। बीते वर्षों में रेलवे में गेज परिवर्तन और दोहरीकरण के काम से राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों को लाभ हुआ है। पटरियों के साथ रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान को आज अजमेर से दिल्ली के लिए पहली वंदे भारत एक्सप्रेस मिल रही है। वंदे भारत ट्रेन आज विकास, आधुनिकता, स्थिरता और आत्म-निर्भरता का पर्याय बन चुकी है। वंदे भारत एक्सप्रेस स्वदेश निर्मित पहली सेमी-हाईस्पीड ट्रेन है और सभी सुरक्षा प्रणाली से लैस है। वंदे भारत ट्रेन राजस्थान में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देगी।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हर महिला वोटर तक पहुंचेगी भाजपा

**नई दिल्ली :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हर महिला वोटर तक भाजपा पहुंचेगी। इसकी रणनीति भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन ने तैयार की है। उन्होंने कहा है कि सभी सरकारी योजनाओं में 50 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं। सभी महिला लाभार्थियों के साथ एक करोड़ सेल्फी नमो ऐप पर अपलोड की जा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा होने के नाते हम महिला मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यूपी, मणिपुर, गोवा और गुजरात में बड़ा बदलाव हुआ है। इन राज्यों की महिलाओं ने भाजपा पर अभूतपूर्व आत्मविश्वास जताया है। वैसे तो पूरे देश में महिलाएं भाजपा के साथ हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता हर महिला मतदाता तक पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों के लिए भाजपा 189 उम्मीदवारों की सूची मंगलवार को जारी कर चुकी हैं। इस सूची में आठ महिला उम्मीदवारों के नाम हैं।

## प्रधानमंत्री आज असम के 207 समेत 71 हजार युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी, गुवाहाटी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह साढ़े 10 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम रोजगार मेले के तहत 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। ये नियुक्तियां देश के विभिन्न मंत्रालयों में होंगी। इस दौरान गुवाहाटी में 207, डिमापुर में 217 और सिलीगुड़ी में 225 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बुधवार को बताया कि पूसीरे के क्षेत्राधिकार के अधीन 'रोजगार मेला' तीन अलग-अलग स्थानों- असम के गुवाहाटी, उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी और नगालैंड के डिमापुर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल नव चयनित युवाओं को रेलवे के रंग भवन सांस्कृतिक हॉल, गुवाहाटी में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर तेली इम्लियांगर मेमोरियल सेंटर, डिमापुर में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री निशीथ प्रामाणिक सिलीगुड़ी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और रेलवे ऑफिसर्स क्लब, न्यू जलपाईगुड़ी में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस दौरान गुवाहाटी में 207, डिमापुर में 217 और सिलीगुड़ी में 225 उम्मीदवारों को विभिन्न सरकारी विभागों के नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

देशभर से चुने गए नवनियुक्त कर्मियों को भारत सरकार के तहत ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ वाणिज्यिक लिपिक सह टिकट लिपिक, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, कनिष्ठ लेखापाल, डाक सहायक, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स सहायक, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जेई/सुपरवाइजर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, नर्स, परिवीक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस और अन्य जैसे पदों पर कार्य करने के लिए शामिल किया जाएगा। नवनियुक्त कर्मियों को ह्यकर्मयोगी प्रारंभह्ल के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्त कर्मियों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है।

### केंद्रीय मंत्री ने तोड़ंगकेल और भूत गांव में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# शिक्षा और स्वास्थ्य अच्छा है, तो सब कुछ पाया जा सकता है: अर्जुन मुंडा

**संवाददाता, खूंटी।**



ग्रामीणों की समस्या सुनते अर्जुन मुंडा। ● द फोटोन न्यूज

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें तीन बुनियादी बातों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पहला है स्वास्थ्य रहना, दूसरा शिक्षा ग्रहण करना और रोजगार के अवसर पैदा करना। केंद्रीय मंत्री बुधवार को खूंटी प्रखंड के तोड़ंगकेल और भूत गांव में ग्रामीणों के साथ बातचीत कर रहे थे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा भी थी। इससे पूर्व अर्जुन मुंडा और मीरा मुंडा बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचे और भगवान भोलेनाथ और अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर देश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

मंत्री ने तोड़ंगकेल और भूत में गांव वालों से सीधी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया उनके निदान का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने पेयजल संकट, सड़क, राशन नहीं मिलने सहित कई अन्य समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। अर्जुन मुंडा ने गांव वालों से उनकी मातृभाषा मुंडारी में बातचीत करते हुए कहा कि स्वस्थ्य और शिक्षा है तो सब कुछ पाया जा सकता है, इसलिए हर कोई को शिक्षित होना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि गांव वाले यह तो देखते हैं, कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता कि गांव का कोई बच्चा स्कूल नहीं जा रहा है, तो क्यों नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा बच्चों को सिर्फ स्कूल भेजने भर से कुछ नहीं होगा। बच्चा क्या करता है, इस पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आजकल पढ़-लिखकर भी नौकरी नहीं मिलती। इसलिए केंद्र सरकार एकलव्य विद्यालय, आइटीआइ जैसी सुविधाएं गांव वालों को दे रही है।

उन्होंने ग्रामीणों से जनधन योजना, पेंशन, राशन, चिकित्सा, हर घर नल योजना के बारे में भी ग्रामीणों से पूछा। केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने गांव वालों से अपील की कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और किसी तरह की समस्या होने पर इसकी जानकारी दें। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार भाजपा के वरिष्ठ नेता भीम सिंह मुंडा, अनूप साहू, भूत पंचायत के मुखिया प्रेमचंद टूटी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा के सचिवालय घेराव मामले में तीन पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद सहित 41 पर मामला दर्ज

**संवाददाता, रांची।**

भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुई पत्थरबाजी और उपद्रव की घटना को लेकर धुर्वा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मंगलवार देर रात कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान पर तीन पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद सहित 41 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इस मामले में अज्ञात हजारों कार्यकताओं को आरोपित बनाया गया है। सभी आरोपितों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

जानकारी के अनुसार धुर्वा थाना में जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, इनमें सांसद संजय सेठ, सांसद निशिकांत दुबे, सांसद समीर उरांव, सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री सह सांसद अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक अमित मंडल, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, विधायक विरंची नारायण सिंह, पांकी के श्यामनंदन ओझा, शत्रुघ्न सिंह और आरती कुजूर का नाम शामिल है. इसके अलावा जमशेदपुर के प्रदीप मुखर्जी, अनीता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह , अशोक कुमार, रमेश सिंह, रमेश नाथ तिवारी, संजीव कुमार सिंह, ब्रजकांत केसरी, गुजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी, विमल मरांडी, आनंद यादव, त्रिलोचन कुमार पासवान, संजू पांडेय, अमर नाथ कुमार सिंह और दीपक बड़ाईक पर भी मामला दर्ज किया गया है।

धुर्वा थाना में दर्ज कराये गये मामले में कहा गया है कि 11 अप्रैल को भाजपा का सचिवालय घेराव कार्यक्रम घोषित था। इसको लेकर डीसी और एसएसपी ने संयुक्त रूप से दंडाधिकारी, अधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती संबंधित आदेश जारी किया था। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए धुर्वा गोलचक्कर से चांदनी चौक हटिया तक 11 अप्रैल की सुबह आठ बजे से रात के 11.30 बजे तक धारा 144 लगाया गया था। इसके बाद भी भाजपा के नेता और कार्यकताओं ने बैरिकेडिंग उखाड़ने और हटाने की प्रयास किया। वे उपद्रवियों की तरह व्यवहार करने लगे, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और दंडाधिकारी को निशाना बनाकर बोतल फेंके, पत्थरबाजी की।

# श्री अन्न की जननी है भारत भूमि: कृषि मंत्री

**एजेंसी, भोपाल/देहरादून।**

मध्य प्रदेश के किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा कि श्री अन्न (मिलेट) की जननी भारत भूमि है। आज इसका उत्पादन संसार के 131 देशों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम और सफल नेतृत्व में निराशा को आशा में बदलने का कार्य किया जा रहा है। उन्हीं की प्रेरणा से संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है।

कृषि मंत्री पटेल बुधवार को उत्तराखण्ड के मसूरी में ₹मिलेट्सः पोटेंशियल एण्ड अपार्चुनिटीr₹ विषय पर हो रहे राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेमिनार का शुभारंभ उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया।

कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में देवभूमि उत्तराखण्ड की सरकार ने भी महत्वपूर्ण कार्य करते हुए श्री अन्न संबंधी राष्ट्रीय सेमिनार किया है। ऋषि-मुनियों की भूमि की सर्वाधिक आय कृषि पर ही निर्भर रही है। आज भी भारत कृषि प्रधान देश है। किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, इस रीढ़ को और मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों की चिंता की और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू की।

### जेल से निकलने के बाद जनता ने किया पूर्व विधायक ममता का स्वागत, कहा

# वर्षों के कुशासन के खिलाफ एक बार फिर शुरू होगा आंदोलन

**संवाददाता, रामगढ़।**



जेल से जमानत पर बाहर निकलने के बाद जनता के बीच पहुंची पूर्व विधायक ममता देवी। ● द फोटोन न्यूज

जेल से जमानत पर बाहर निकलने के बाद बुधवार को पूर्व विधायक ममता देवी जनता के बीच पहुंची। ममता देवी का स्वागत समारोह रामगढ़ शहर के पटेल चौक से शुरू हुआ और गोला प्रखंड तक चला। इस दौरान ममता देवी ने जनता के प्यार के प्रति अपना आभार जताया। ममता देवी ने कहा कि वह विधायक रहे या नहीं रहे, जनता के सुख दुख में वह साथ खड़ी रहेंगी। जिस तरीके से राजनीतिक साजिश रच कर उन्हें पद से हटाया गया है, वह रामगढ़ की जनता जान रही है।

उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक कुशासन के खिलाफ रामगढ़ की जनता ने उन्हें अपना समर्थन दिया था। उनका आंदोलन उस कुशासन के खिलाफ अभी भी जारी रहेगा। ममता देवी ने कहा कि विपक्षी नेता इस बात को पचा नहीं पा रहे थे कि एक गरीब के घर की बेटी और बहू विधायक बन गई। उन्होंने ना तो कोई चोरी की थी ना ही कोई घोटाला किया था। जनता को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने आंदोलन किया था। वह आंदोलन कभी खत्म होने वाला नहीं है। यही वजह है कि आज वे खुद जनता के बीच आई हैं। इस स्वागत समारोह में ममता देवी के साथ बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी मौजूद थीं।

अंबा प्रसाद ने भी कहा कि रामगढ़ की जनता ने ममता देवी को चुनकर विधानसभा भेजा था। लेकिन एक बड़ी साजिश के तहत उन्हें जेल भेजा गया। रामगढ़ की जनता को सच्चाई पता है और जल्द ही इसका फैसला भी होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### लाठी चार्ज के विरोध में भाजपाईयों ने मनाया काला दिवस, सीएम हेमंत सोरेन का फूंका पुतला



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन करते भाजपाई। ● द फोटोन न्यूज

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के आह्वान पर रांची में आयोजित प्रदर्शन में हेमंत सरकार के प्रशासन द्वारा निहत्थें कार्यकताओं पर लाठी बरसाने का भाजपाईयों ने कड़ा विरोध किया है। इसी के तहत बुधवार को प्रदेश भर में काला दिवस मनाया जा रहा है। भाजपा भुरकुंडा मंडल ने भी विरोध प्रकट करते हुए भुरकुंडा जनता टॉकीज के समीप सीएम हेमंत सोरेन का में पुतला फूंका। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ता बिरसा चैक से थाना मैदान तक मौन जुलूस निकाल हेमंस सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया। कार्यक्रम में भुरकुंडा मंडल मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, अखिलेश प्रसाद, योगेश दांगी, सुखदेव प्रसाद, जगतार सिंह, सुमन सिंह, कुमेल उरांव, लक्ष्मी देवी, अनूप ठाकुर, सागर दांगी, प्रह्लाद पांडेय, संतोष शर्मा, अशोक सोनी, ज्योति सिंह, संतन सिंह, देव कुमार सिंह, बाबूलाल नायक, अखिलेश टोप्पो, जयप्रकाश पांडेय, कन्हैया यादव, अजय पासवान, आकाश साहू, आनंद कुमार, विजय सिंह, काला बाबू, विजय हेंब्रम, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आदित्य करमाली सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।

### कैंट बोर्ड की साधारण सभा में विधायक सुनीता चौधरी ने रखे कई प्रस्ताव

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी परिषद की साधारण सभा बुधवार को आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक सुनीता चौधरी ने कई प्रस्ताव रखे। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में छावनी क्षेत्र के लोगों को कई समस्या हो रही है, जिसका जल्द से जल्द निवारण आवश्यक है। विधायक ने सभी वार्ड के मुख्य पथ और गली में स्ट्रीट लाइट लगाया जाय और उचित रख रखाव करने, पीने के पानी की सप्लाई साफ-सुथरी और स्वच्छ पानी जनता को मिले, कुछ मुहल्लो में न नल है ना चापानल वैसे मुहल्लो में गर्मी में टैंकर की व्यवस्था करने, लायब्रेरी में पठन पाठन के लिए बैठने का उचित व्यवस्था के साथ साथ कंपीटिशन से संबंधित पुस्तक उपलब्ध कराने, छावनी परिषद में जूनियर इंजीनियर, मैकेनिकल और इलेक्टिकल का पद भी सृजित करने, छावनी अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ, दांत रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सक, एनेस्थेटिक के साथ साथ स्त्री रोग का अलग से पद सृजित करने, लैब साथ साथ के अल्ट्रासाउंड, एक्स रे की व्यवस्था करने की बात रखी। इसके अलावा छावनी परिषद उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक का पद विषय के अनुसार सृजित करने, वार्ड नंबर 6 में रामगढ़ कॉलेज के पीछे कचरा यार्ड जो बनाई गई है, उसको रीसाइक्लिंग कर उपयोग में लाने के लिए व्यवस्था करने, सभी खुदरा सब्जी विक्रेताओं को वेंडिंग जोन न्यू बस स्टैंड में एक साथ लाने का कार्य करने को कहा। विधायक ने कहा कि छावनी परिषद क्षेत्र में सड़कों और नालियों की हालत काफी बदतर है। उनकी मरम्मत अति आवश्यक है। इस पर भी छावनी परिषद के अधिकारी जल्द पहल करें।

### कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने पार्टी अध्यक्ष खड़गे को पायलट के मुद्दे पर रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली :** राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर उन्हें सचिन पायलट प्रकरण की रिपोर्ट सौंपी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सचिन पायलट ने राजस्थान में पिछली वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के तहत कथित भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की मांग को लेकर जयपुर में अनशन किया था। पत्रकारों से बातचीत में रंधावा ने कहा कि वे सचिन पायलट की चिंता से सहमत हैं लेकिन जिस तरह से उन्होंने इस मुद्दे को उठाया है- वह गलत है। कार्रवाई के मुद्दे पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हम इस मुद्दे पर सभी से बात करेंगे। इससे जुड़ा घटनाक्रम देखेंगे। उनके भाषण और उनके तरीके सब का अध्ययन किया जाएगा। रंधावा ने खड़गे से यहां उनके 10 राजाजी मार्ग स्थित आवास पर करीब आधे घंटे तक मुलाकात की।

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल 16 अप्रैल को आएंगे उत्तराखंड

**देहरादून :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल 16 अप्रैल को उत्तराखंड के दौरे पर आएंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री मोदी के वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पिथौरागढ़ के गूंजी गांव में रात्रि प्रवास करेंगे। यह जानकारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव का ही परिणाम है कि एक के बाद एक केंद्रीय मंत्री विकास योजनाओं की प्रगति देखने के लिए लगातार दौरा करते रहते हैं। इसी क्रम में वाइब्रेंट विलेज योजना में हो रहे कार्यों की जानकारी के लिए केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल पिथौरागढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करने पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह यहां केंद्र द्वारा संचालित विकास की योजनाओं की जानकारी लेंगे और स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा करेंगे। इस दौरान सीमान्त गांव गूंजी में रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने बताया कि 1980 में धारचूला लिपुलेख बॉर्डर होते हुए कैलाश मानसरोवर जाने के लिए 17 दिन की कठिन पैदल यात्रा करनी पड़ती थी। जो आज केंद्र सरकार के प्रयासों से सीमा तक सड़क मार्ग निर्माण से मात्र आधे घंटे की पैदल यात्रा रह गयी है। इसी क्रम में वाइब्रेंट विलेज योजना से सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य से जो यहां की तस्वीर बदलने वाले है उसके गवाह हम सभी लोग बनेंगे।

### कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टार ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात का वक्त मांगा

**हुबली (कर्नाटक) :** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश शेट्टार के आज अपराह्न तीन बजे तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है। वो राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। उन्होंने ट्वीट कर यह जानकारी दी। शेट्टार ने कहा वह सकारात्मक सोचते हैं। दिल्ली यात्रा का मुख्य मकसद जेपी नड्डा से मिलना है। उनसे मुलाकात का समय मांगा है। शेट्टार फिलहाल हुबली-धारवाड़ सेंट्रल से विधायक हैं। खास बात यह है कि वह आज तक एक भी चुनाव नहीं हारे। 67 वर्षीय शेट्टार इस बार टिकटों के बंटवारे से असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा था कि उन्हें वरिष्ठ नेताओं से संदेश मिला कि वह वरिष्ठ हैं और पूर्व मुख्यमंत्री हैं, इसलिए दूसरों के लिए रास्ता बनाएं। कर्नाटक भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शेट्टार का कहना है कि यह बात अगर उन्हें दो-तीन महीने पहले बता दी गई तो सम्मानजनक होता।

### झामुमो नेता सुप्रियो ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने भाजपा के सचिवालय घेराव के कार्यक्रम पर कहा कि धुर्वा इलाके में मंगलवार को एक शालीमार बाजार और दूसरा बौखलायी राजनीतिक पार्टी भाजपा का प्रभात तारा मैदान में बाजार लगा था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम में राजनीतिक नारे लगाये जाते है। लेकिन भाजपा के सचिवालय घेराव के राजनीतिक कार्यक्रम में संप्रदायिक और उन्मादी नारे लगाये जा रहे थे। समाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले नारे थे। स्वच्छ तौर पर लोकतंत्र को समाप्त करने वाले नारे थे।

द फोटोन न्यूज
गुरुवार, 13 अप्रैल 2023

ब्रीफ न्यूज

## भावी पीढ़ी के लिए भी सरकारी स्कूलों के स्तर में सुधार जरूरी : कड़िया मुंडा

**खूंटी :** स्वयंसेवी संस्था लीड्स और ब्रेड फॉर द वर्ल्ड के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) सम्मलेन का आयोजन बुधवार को लीड्स के पेरका स्थित रिसोर्स सेंटर में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा ने कहा कि हमारी आगे की पीढ़ी और सुखी, संपन्न और ज्ञानवान हो इसके लिए सरकारी स्कूलों में पढाई के स्तर को सुधारना होगा। लोगों को अपनी मानसिकता में भी बदलाव लाने की जरुरत है, ताकि सरकारी विद्यालयों के प्रति सकारात्मक सोच बने।उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेवारी है कि कोई भी बच्चा पढाई से छुटे नहीं। सम्मलेन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लीड्स के निदेशक एके सिंह ने कहा कि शिक्षा के मुद्दों और स्कूल की बेहतरी के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति और पंचायत प्रतिनिधियों को संवेदनशील बनाना इसका लक्ष्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी, मुरहू प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया, तोरपा प्रखंड के प्रमुख संतोष कर मौजूद थे। लीड्स के निदेशक एके सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूल कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन समस्याओं को चिह्नित कर समाधान करने में विद्यालय प्रबंधन समिति की काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय प्रबंधन समिति एक कानूनी समिति है जो शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गठित की गयी है। जन प्रतिनिधियों की भी जिम्मेवारी है कि वे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि आटीइ एक्ट तहत छह से 14 साल के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य में सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य शिक्षा का है, क्योंकि शिक्षा के बिना व्यक्ति और समाज का विकास अधूरा है। शिक्षा के बिना हम जीवन में आगे नहीं बढ़ सकता हैं इसलिए हरेक बच्चे को निःशुल्क और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। मुरहू प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया ने कहा कि वर्तमान में विद्यालय प्रबंधन समिति उतनी सक्रिय नहीं है और ना ही उनकी बैठकें समय से होती हैं। तोरपा प्रखंड उप प्रमुख संतोष कर ने कहा कि कई सरकारी स्कूलों के भवन की स्थिति काफी जर्जर है और कक्षाओं की भी कमी है।

## इनकम टैक्स कमिश्नर डॉ प्रभाकांत की हुई गवाही

**रांची :** हवाला के माध्यम से चार हजार करोड़ की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास, विजय जोशी, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा, अनिल वस्तावड़े उपस्थित हुए। इस दौरान ईडी के पूर्व उपनिदेशक तथा तत्कालीन प्रिंसिपल इनकम टैक्स कमिश्नर डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गयी। डॉ प्रभाकांत इस मामले के कम्पलेनेंट भी हैं। मधु कोड़ा की ओर से अधिवक्ता चंद्रभानू और पांडेय नीरज राय तथा ईडी की ओर शिवकुमार काका ने बहस की। इस संबंध में अधिवक्ता चंद्रभानू ने बताया कि तीन साल बाद इस मामले में डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गयी। बुधवार को मधु कोड़ा, मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास, विजय जोशी की ओर से डॉ प्रभाकांत का प्रति परीक्षण किया गया। प्रति परीक्षण के दौरान कुछ बिंदुओं पर बचाव पक्ष ने क्रॉस किया तो उसका दस्तावेज पेश करने के लिए ईडी ने समय मांगा। अदालत ने ईडी को गुरुवार तक का समय दे दिया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

आईएमए की नयी टीम ने ली शपथ, कहा

# चिकित्सक हित में करेंगे काम जनता का भी रखेंगे ख्याल

**संवाददाता, रांची**

रांची आईएमए शाखा की नवनिर्वाचित टीम ने आईएमए भवन में पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2023-25 के लिए नवनिर्वाचित आईएमए रांची शाखा के पदाधिकारियों को पूर्व की टीम द्वारा पदभार सौंपा गया। मौके पर रांची के वरिष्ठ चिकित्सक एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ शेखर चौधरी काजल, सचिव डॉ पंकज बोदरा, दो उपाध्यक्षों डॉ अभिषेक रामदीन और डॉ जयशंकर तथा कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया।

**भयभीत वातावरण में बौद्धिक क्षमता का उपयोग नहीं कर सकते डॉक्टर: डॉ शेखर चौधरी**

रांची आईएमए के अध्यक्ष डॉ शेखर चौधरी काजल ने कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट हर बार विधानसभा के पटल से वापस क्यों आ रहा है। इस पर सभी चिकित्सकों के साथ मिलकर मंथन करेंगे। जब दूसरे राज्यों में लागू हुआ, तो झारखंड में क्या परेशानियां सामने आ रही हैं। इन सभी चीजों को देखना है। जनता के अंदर एमपीए को लेकर जो भ्रम है, उसे खत्म करना है। उन्होंने कहा कि भयभीत वातावरण में डॉक्टर अपने बौधिक क्षमता का उपयोग नहीं कर सकते हैं।

**पुरानी टीम के अधूरे कार्यों को करूंगा पूरा: डॉ पंकज बोदरा**

वहीं सचिव डॉ पंकज बोदरा ने कहा कि आईएमए चिकित्सकों की समस्याओं को लेकर मुखर होकर काम करता है। पुराने लोगों से अनुभव लेकर नई टीम पूरी ऊर्जा के साथ काम करेगी। पुरानी टीम के अधूरे कार्य को पूरा करेंगे। क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट समेत कई अन्य बाधाएं हैं, जिनको दूर करने का हर संभव प्रयास करूंगा।

**जिस उम्मीद के साथ मिली जिम्मेदारी, उसे करूंगा पूरा: डॉ अभिषेक रामाधीन**

उपाध्यक्ष डॉ अभिषेक रामाधीन ने कहा कि नई टीम पूरे उत्साह के साथ काम करेगी। कहा कि जब 23 राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है, तो फिर झारखंड में क्यों नहीं हो सकता है। मंत्रिमंडल से तो यह पास हो गया, लेकिन विधानसभा की प्रवर समिति में भेज दिया गया है। सरकार हम लोगों की राय ले और इसे अविलंब लागू करे। उन्होंने कहा कि आईएमए के माध्यम से शैक्षणिक व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा। जिस उम्मीद के साथ हमारे चिकित्सक समाज ने जिम्मेवारी दी है, उसे पूरा करने का काम करूंगा।

## राज्यपाल से मिले मुक्ति संस्था के सदस्य रांची में विद्युत शवदाह गृह बनाने की मांग की



**रांची :** मुक्ति संस्था का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला। इस दौरान संस्था द्वारा किए गये अब तक के कार्यों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को दी। संस्था ने राजधानी में विद्युत शवदाह गृह के निर्माण की मांग रखी। राज्यपाल ने एक अच्छी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया। मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि काफी लोग अंगदान के इच्छुक हैं। राज्य में इसके रख रखाव की उचित व्यवस्था हो जाये, तो यहां के जरूरतमंद मरीजों को मदद मिलेगी। राज्यपाल ने मुक्ति संस्था के कार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में बेहतर करते रहने के लिए शुभकामना दी। प्रतिनिधिमंडल में प्रवीण लोहिया, राहुल जायसवाल, तरुण जुल्का और सौरभ बथवाल शामिल थे।

## रिम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में मिलेगी लिपोसक्शन की निशुल्क सुविधा

**रांची :** रिम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में अब लिपोसक्शन की भी सुविधा उपलब्ध होगी। लिपोसक्शन कॉस्मेटिक सर्जरी की एक तकनीक है, जिसमें सक्शन विधि से त्वचा के नीचे से अतिरिक्त वसा को हटाया जाता है। रिम्स में यह सुविधा मरीजों को निशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए निजी केंद्रों में न्यूनतम 70 हजार रुपये तक लिए जाते हैं।
**साहिबगंज के मरीज की गयी है सफल सर्जरी :** हाल ही में साहिबगंज के एक मरीज को सर्जरी विभाग से प्लास्टिक सर्जरी विभाग में रेफेर किया गया था। इस पुरुष मरीज में महिलाओं जैसे स्तन और गाइनेकोमास्टिया के संकेत थे। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ विक्रांत और निश्चेतना विभाग के डॉ विश्वनाथ की देखरेख में सोमवार को यह सर्जरी की गयी। मरीज को शुरूआत में ट्यूम्सेंट एनेस्थीसिया के तहत थोड़ा बेहोश किया गया था।

# रांची में जलसंकट, 204 नए बोरिंग करायेगा नगर निगम : आशा लकड़ा

**शोएब, रांची**

राजधानी में भीषण जलसंकट को लेकर बुधवार को रांची नगर निगम कार्यालय में मेयर आशा लकड़ा ने बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। स्वास्थ्य व जलापूर्ति शाखा की समीक्षा बैठक बैठक में मेयर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ड स्तर पर पेयजल संकट की स्थिति व नगर निगम की ओर से की गई व्यवस्था की जानकारी ली। खराब चापानलों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। प्रत्येक वार्ड में तीन नए बोरिंग कराने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि इसके तहत सभी 53 वार्ड में कुल 204 नए बोरिंग कराए जाएंगे। खराब चापाकलों में मोटर लगाकर सिंटेक्स की टंकी स्थापित कर पानी का उपयोग किया जायेगा।

**खराब चापाकलों में मोटर लगाकर सिंटेक्स की टंकी में स्टोर किया जायेगा पानी :** मेयर ने कहा कि रांची नगर निगम जलसंकट की समस्या से निपटने के लिए तैयार है। स्थिति से निपटने के लिए एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। वर्तमान में रांची नगर निगम क्षेत्र में 2507 चापानल चालू स्थिति में हैं। निगम क्षेत्र में 174 बड़े हाई यील्ड ड्रिल्ड ट्यूबवेल और मिनी हाई यील्ड ड्रिल्ड ट्यूबवेल की संख्या 1374 हैं। कुछ चापानल ऐसे हैं, जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इन चापानलों में मोटर लगाकर सिंटेक्स की टंकी स्थापित कर उपयोग में लाया जा सकता है।



**80 जगहों पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही :** उन्होंने बताया कि फिलहाल नगर निगम क्षेत्र में 80 जगहों पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। निगम क्षेत्र में कुल 69078 वैध वाटर कनेक्शन हैं। संबंधित उपभोक्ताओं से रांची नगर निगम को वाटर यूजर चार्ज प्राप्त हो रहा है। निगम क्षेत्र में पाइपलाइन समेत खराब चापानल, हाई यील्ड ड्रिल्ड ट्यूबवेल व मिनी हाई यील्ड ड्रिल्ड ट्यूबवेल की मरम्मत के लिए कुल आठ टीम हैं। एक टीम में आठ सदस्य शामिल हैं। वर्तमान में रांची नगर निगम के पास 6 केएल के चार, 5 केएल के एक, 4 केएल के 30 व 2 केएल के चार टैंकर उपलब्ध हैं। मेयर ने बताया कि निगम क्षेत्र में खासकर ड्राई जोन में आम लोगों को नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

**टैंकर के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध :** बैठक में कहा गया कि डिप्टी मेयर, सांसद, विधायक, नगर आयुक्त व पार्षदों की अनुशंसा पर भी टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। आम लोगों के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। निर्धारित राशि का भुगतान कर आप ऑनलाइन टैंकर से पानी की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पहान, उत्क्रमित अधीक्षण अभियंता प्रसून कुमार मुर्मू, नगर प्रबंधक स्नेहाश्री, ओंकार पांडे प्रभारी स्वास्थ्य शाखा समेत जलापूर्ति शाखा के कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में सेमिनार, स्वामी अंतरानंद जी ने कहा- योग आत्मानुशासन का कारक

**संवाददाता, रांची**

सरला बिरला विश्वविद्यालय में बुधवार को दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार विश्वविद्यालय के योग एंड नेचरोपैथी विभाग द्वारा किया गया. लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर्स सॉल्यूशन विद योगा एंड अल्टरनेटिव थेरेपी विषय आयोजित सेमिनार के मुख्य अतिथि थे रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी अंतरानंद जी महाराज. उन्होंने भारतीय संस्कृति की परंपराओं की चर्चा की और बताया कि योग क्या है. लाइफ स्टाइल डीसऑर्डर के बारे में विस्तृत जानकारियां साझा की. कहा कि समस्या है, तो समाधान भी है. योग आत्मानुशासन का कारक है. अनुशासित जीवन शैली अपनाना योग का संदेश है. योग केवल शारीरिक अनुशीलन ही नहीं, यह हमारे आंतरिक मन- बुद्धि और आत्मा के अनुशासन का कारक भी है. शरीर, मन -भावना का संतुलन ही योग है. चित्त, चिंतन पर नियंत्रण करते हुए प्रकृति के अनुसार जीवन शैली अपनाए जाने की आवश्यकता है.

कुलपति ने प्राकृतिक कंपोनेंट्स की उपयोगिता व महत्व की व्याख्या की

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर की विस्तृत चर्चा करते हुए 1950 से लेकर अभी तक विकास के बढ़ते क्रम के बारे में बताया. साथ ही उन्होंने प्राकृतिक कंपोनेंट्स की उपयोगिता व महत्व की भी व्याख्या की. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव विजय कुमार सिंह, डॉ नीलिमा पाठक, डॉ संदीप कुमार, हरी बाबू शुक्ला, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ राधा माधव झा, आशुतोष द्विवेदी, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ पार्थ पॉल, प्रो अमित गुप्ता, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ नम्रता चौहान, डॉ भारद्वाज शुक्ला, डॉ अर्चना मौर्य, अंकित अनुभव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, आकांक्षा कुमारी, अंजना सिंह और ओम प्रकाश शामिल रहे.

हमारा शरीर प्रकृति का अनुपम व अद्वितीय उपहार : प्रो. टुलु सरकार

रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग की पूर्व डायरेक्टर प्रो टुलु सरकार ने जीवन व जीवन के उद्देश्य और शरीर के महत्व की चर्चा की. कहा कि हमारा शरीर प्रकृति का अनुपम व अद्वितीय उपहार है. इसमें ऑटोमेटिक मेंटेनेंस की व्यवस्था है. आज की भाग- दौड़ भरी जिंदगी में हमारी जीवन शैली अव्यवस्थित हो गयी है. इससे व्यावहारिक जीवन में कई प्रकार की शारीरिक समस्याएं एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है. हमने बीमारियों को स्वयं आमंत्रित किया है. उन्होंने कहा कि योग जीवन जीने की पद्धति है. योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं अपितु ज्ञान, विज्ञान एवं मानसिक क्रिया है. योग के माध्यम से जीवन में काफी कुछ सकारात्मक परिवर्तन संभव है. उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ब्रह्म मुहूर्त में जागने की विशेषता को बताया.

# वाटरशेड परियोजना से भूमि की नमी और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करें : राजेश्वरी बी

**संवाददाता, रांची**

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वाटरशेड परियोजना से बेहतर जल प्रबंधन कर भूमि की नमी और गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है। इससे कृषि और बागवानी के कार्यों को विस्तार दिया जा सके तथा किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।



मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी बुधवार को राज्य के सात जिलों के 24 प्रखंडों में हाई मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान बोल रही थीं। उन्होंने योजना से जुड़े बिदुओं और इसके कार्यान्वयन की जानकारी पदाधिकारियों से ली। योजना को भारत सरकार की संस्था भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन (बीआरएलएफ) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। बैठक में बीआरएलएफ अंतर्गत सात के जिलों से डीडीसी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं परियोजना में कार्य कर रहे संस्था क्रमशः प्रधान, जन जागरण केंद्र, सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ वाटरशेड डेवलपमेंट, विकास भारती, ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी संस्था की ओर से प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई।

बैठक में मनरेगा आयुक्त की ओर से सात जिलों के डीडीसी को सीएसओ भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ आगे की योजना बनाने और योजनाओं की अधिकतम स्वीकृति के लिए जिला स्तरीय कार्यशालाएं-सेमिनार आयोजित करने का निर्देश दिया है। नॉन इंटेंसिव प्रखंडों में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए जल्द पत्र जारी किया जायेगा। राज्य के सात जिलों गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, दुमका और गिरिडीह के कुल 24 प्रखंडों में मनरेगा योजना से हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य 24 प्रखंडों के कुल 696 वाटरशेड का विकास करना है। इससे तीन लाख 39 हजार हेक्टेयर भूमि का उपचार हो सके और कम से कम एक लाख किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साधा जा सके। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग अरुण कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## एसएसपी ने मुरी ओपी के नये भवन का किया उद्घाटन



**रांची :** लंबे समय से हिंडाल्को के फैमिली क्वॉर्टर में चल रहे मुरी ओपी को बुधवार को अपना नया भवन मिल गया। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को मुरी ओपी के नये भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीण एसपी, सिल्ली डीएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## आजसू को राज्यभर में करेगी न्याय मार्च

**रांची :** आल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) पार्टी गुरुवार को राज्यभर में न्याय मार्च निकालेगी और अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे। आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बुधवार को बताया कि रांची में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मोरहाबादी स्थित बापू बाटिका से पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय तक जायेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डॉ देवशरण भगत ने राज्य सरकार की कार्यशैली की आलोचना करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में झारखंडी भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ जो विश्वासघात किया है, उससे जनता ऊब चुकी है। सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, गरीब, बुजुर्ग सभी को ठगने का काम किया है। तीन साल में कोई वैकेंसी नहीं, परीक्षा नहीं। नियुक्तियां और बहाली नहीं। जबकि खुद मुख्यमंत्री का वादा पब्लिक डोमेन में है कि सत्ता में आते ही पहले साल पांच लाख नौकरियां देंगे। डॉ. भगत ने कहा कि बड़े पैमाने पर संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार से राज्य का विकास अवरूद्ध हो रहा है। अराजकता का वातावरण है। राज्य की छवि लगातार खराब हो रही है। गुरुवार को आजसू पार्टी महज विरोध की खातिर पूरे राज्य में न्याय मार्च नहीं निकालेगी, बल्कि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता को विचार, मंथन और जनादेश का हिसाब लेने के लिए भी जगाएगी।

## भाजपा ने लाठीचार्ज के खिलाफ निकाला मौन जुलूस

**रांची :** सचिवालय घेरो के दौरान भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदेश भाजपा ने बुधवार को काला दिवस मनाया। प्रदेश से मंडल स्तर तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने काला बिल्ला और काली पट्टी बांधकर लाठीचार्ज की घटना का विरोध जताया। देर शाम महानगर भाजपा ने रांची के हरमू चौक से मौन जुलूस निकाला। माथे और मुंह पर काली पट्टी बांधकर भाजपा के कार्यकर्ता हरमू चौक पर जमा हुए। यहां मुख्यमंत्री के सांकेतिक पुतले की शवयात्रा निकाली गई। अरगोड़ा चौक पर जाकर पुतला दहन किया गया। इस मौके पर महानगर भाजपा के अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि सरकार के इशारे पर मंगलवार को लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकताओं को निशाना बनाया गया। पुलिस ने कार्यकताओं को लाठी डंडे, आंसू गैस, रबर की गोली, पानी की बोतल, ईंट- पत्थर निहत्थे कार्यकताओं पर फेंककर उन्हें रोकना चाहा। दर्जनों भाजपा कार्यकताओं को गंभीर चोट रही है।

## जमीन के दाखिल खारिज में चार कर्मियों को बर्खास्त करने का फैसला अनुचितः सांसद

**रांची :** गोड्डा से भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने बुधवार को ट्विटर के माध्यम से देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ध्यान दिलाते हुए कहा कि मामला उनके संबंधियों के जमीन और दाखिल खारिज संबंधी विवाद का है। सांसद के मुताबिक देवघर के नीलकंठपुर मौजा (हल्का 11) में (खाता संख्या 275, टीपीपी 169) उनके पूर्वजों की 62.48 डिसमिल जमीन है। इस जमीन को उनके ससुर ने 1979 में खरीदी थी। उनकी मृत्यु के बाद यह जमीन उनकी सास और उनके बच्चों के नाम दाखिल खारिज हुआ। पर केवल इस आधार पर ही इस काम में लगे चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया। सांसद ने इसे देवघर डीसी की घटिया करतूत बतायी है। नीचता की पराकाष्ठा भी कहा है। इसे विनाशकारी फैसला बताया है। ट्विटर पर निशिकांत दुबे ने जमीनके दाखिल खारिज के रिकॉर्ड को भी शेयर किया है। इसके मुताबिक म्यूटेशन (केस सं 2124/2022-23, नीलकंठपुर मौजा-हल्का 11)) के लिए 28 फरवरी 2023 को आवेदन प्रशासन को प्राप्त हुआ। सात मार्च को इसे सीओ स्तर से आगे फॉरवर्ड किया गया। प्रक्रियागत तरीक के बाद एक अप्रैल को कर्मचारी ने इसे वेरिफाई किया। फिर सीआई ने इसे दो अप्रैल को और सीओ ने आठ अप्रैल को जरूरी स्टेप लिया। जमीन के क्रेता के तौर पर आशा मिश्रा, अनिताभ कुमार मिश्रा और सुमिता गौतम (सभी पटना निवासी) तथा अनामिका गौतम (पति-निशिकांत दुबे) का नाम है। सांसद का कहना है कि इसी जमीन के म्यूटेशन कार्य में लगे चार कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया है।

## अरगोड़ा थाना से संबंधित मामले में उपायुक्त ने दी अभियोजन की स्वीकृति

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को अरगोड़ा थाना से संबंधित मामले में आरोपित आशीष सैमुअल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। 11 फरवरी 2023 को आरोपित आशीष सैमुअल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश को गुप्त सूचना के आधार पर अरगोड़ा चौक से डिबडीह जाने वाले रास्ते के समीप नवनिर्मित बस स्टॉपेज के पास से कुछ आपत्तिजनक सामान (ब्लैक स्टोन ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ और तलाशी के क्रम में आरोपित ने बताया कि उसे दो जिंदा गोली एवं ब्लैक स्टोन ड्रग्स की कुछ पुड़िया सैम्पल के रूप में डिलीवरी करने के लिए भेजा गया था। इस मामले के अनुसंधान के क्रम में आरोपित के खिलाफ आरोप सत्य पाया गया। आशीष सैमुअल जॉर्ज उर्फ जॉर्ज बुश दिल्ली के अशोक विहार फेज चार का रहने वाला है। इसके खिलाफ अरगोड़ा थाने में कांड संख्या 64 /2023 दर्ज है।

## इनकम टैक्स कमिश्नर डॉ प्रभाकांत की हुई गवाही

**रांची :** हवाला के माध्यम से चार हजार करोड़ की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास, विजय जोशी, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा, अनिल वस्तावड़े उपस्थित हुए। इस दौरान ईडी के पूर्व उपनिदेशक तथा तत्कालीन प्रिंसिपल इनकम टैक्स कमिश्नर डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गयी। डॉ प्रभाकांत इस मामले के कम्पलेनेंट भी हैं। मधु कोड़ा की ओर से अधिवक्ता चंद्रभानू और पांडेय नीरज राय तथा ईडी की ओर शिवकुमार काका ने बहस की। इस संबंध में अधिवक्ता चंद्रभानू ने बताया कि तीन साल बाद इस मामले में डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गयी। बुधवार को मधु कोड़ा, मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास, विजय जोशी की ओर से डॉ प्रभाकांत का प्रति परीक्षण किया गया। प्रति परीक्षण के दौरान कुछ बिंदुओं पर बचाव पक्ष ने क्रॉस किया तो उसका दस्तावेज पेश करने के लिए ईडी ने समय मांगा। अदालत ने ईडी को गुरुवार तक का समय दे दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। गुरूवार को भी मधु कोड़ा और उनके सहयोगी उपस्थित होंगे।

# धनबाद : जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या, एक व्यक्ति घायल

**संवाददाता, धनबाद।**

धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित निरंकारी चौक बाइपास के समीप बुधवार दोपहर को बाइक सवार अपराधियों ने जमीन पर घेराबंदी का काम करने वाले कांट्रेक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार कुमीर्डीह निवासी कांट्रेक्टर राजकुमार साव पर बुधवार दोपहर को बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। इसके बाद अस्पताल ले जाने के क्रम में साव की मौत हो गई। इस दौरान गोलीबारी में नागेंद्र यादव नामक एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुए हैं, जो कि बीसीसीएल कर्मी बतलाए जा रहें है। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स भेज दिया है।

डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि आज दोपहर निरंकारी चौक बाइपास के समीप बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की है। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से चार खोखा मिला है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा घायल व्यक्ति पर ही आरोप लगाया जा रहा है, उसपर भी पुलिस जांच कर रही है। घटना किस वजह को लेकर हुई है इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है।

मृतक के परिजनों का कहना है कि राजकुमार साव काफी मिलनसार व्यक्ति था। हाल ही में उसकी शादी भी हुई थी। वह अपने काम से काम रखता था।


घटनास्थल पर जांच में जुटी पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

## गोड्डा में 1.15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**संवाददाता, गोड्डा।**

टाउन थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के काले कारोबार में शामिल तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1.15 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम सोनू कुमार, आकाश कुमार भगत और रितेश कुमार हैं। ये सभी टाउन थाना क्षेत्र के गुलजारबाग के रहने वाले हैं।

टाउन थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि साकेतपुरी मैदान में कुछ लड़कों द्वारा ब्राउन शुगर की ब्रिकी और सेवन किया जा रहा है। सूचना पर गोड्डा थाना प्रभारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम ने छापेमारी कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## होमगार्ड हवलदार के निधन पर श्रद्धाजंलि सह शोकसभा का आयोजन

भुरकुंडा रामगढ़ : **नीचे धौड़ा** भुरकुंडा निवासी होमगार्ड हवलदार विजय रविदास के आकस्मिक निधन पर बुधवार को नीचे धौड़ा में श्रद्धांजलि सह शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्व. विजय रविदास के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि नीचे धौड़ा भुरकुंडा निवासी होमगार्ड हवलदार विजय रविदास 40 वर्ष का निधन 2 अप्रैल को इलाज के दौरान रांची में हो गया था। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में रामगढ़ होम गार्ड जिला समादेष्टा रवि कुमार कुजूर, कंपनी कमांडेट राजेश कुमार, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भुरकुंडा मुखिया अजय कुमार पासवान, किशुन नायक, मनोज ऋषि, योगेंद्र करमाली, शशिकांत कुमार, संजय नायक सहित कई लोग शामिल थे।

## झामुमो के जिला संयुक्त सचिव ने डीसी को भेजा पत्र

**भुरकुंडा रामगढ़।**

झामुमो के जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार ने केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा क्षेत्र के सरकारी जमीन पर पुनः स्थापित करने को ले उपायुक्त रामगढ़ को पत्र प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से श्री मालाकार ने कहा है कि तकरीबन दो दशक पहले यह विद्यालय भुरकुंडा के रिवर साइड में संचालित था। लेकिन बिल्डिंग की स्थिति जर्जर होने की कारण सीसीएल कंपनी ने इसे सुरक्षा के दृष्टिकोण से घुटवा के बंद पड़े जीएम ऑफिस में शिफ्ट कर दिया। साथ ही बताया गया कि बहुत जल्द भुरकुंडा क्षेत्र में विद्यालय का निर्माण कराकर इसे सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। लेकिन अब तक यह कार्य नहीं हो सका।

उदय मालाकार ने पत्र में कहा है कि मैंने पतरातू ब्लॉक से लेकर रामगढ़ डीसी कार्यालय तक तकरीबन तीन चार बार पत्राचार किया। साथ ही इसके लिए आंदोलन की घोषणा भी हुई। लेकिन अधिकारियों के आश्वासन के उपरांत आंदोलन को वापस ले लिया गया, और एक बार फिर से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

उन्होंने कहा कि उपायुक्त रामगढ़ के यहां आते की एक सकारात्मक सोच के तहत चैनगडा में पदाधिकारियों द्वारा जमीन की उपलब्धता के बारे में जमीन का निरीक्षण कराया गया। लेकिन वहां जमीन मालिकों द्वारा जमीन देने से इंकार कर दिया गया। एक बार फिर पहले की तरह मसमोहना ग्राम पंचायत में विद्यालय बनाने को लेकर सरकारी पहल हुआ। बावजूद इसके वहां के ग्रामीणों और जमीन मालिकों द्वारा इसका विरोध किया गया।

### सयाल लोकल सेल को ले अब विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण हुए एकजुट

# लोकल सेल को ले सर्वसम्मति से संचालन समिति का गठन करने का हुआ निर्णय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

सयाल लोकल सेल को ले अब विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण एकजुट हुए हैं। प्रबंधन से वार्ता के दौरान विस्थापितों ने एक मंच पर आकर सेल संचालन समिति का गठन करने की बात कही है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को सयाल परियोजना कार्यालय के समक्ष सौंदा बस्ती, सरैया टोला व चारू टोंगरी के सैंकड़ो विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों ने प्रबंधन के समक्ष लोकल सेल में अपनी शत प्रतिशत दावेदारी पेश कर प्रबंधन से अविलंब लोकल सेल चालू करने की मांग की।

विस्थापित-प्रभावितों की मांग पर प्रबंधन ने कहा कि लोकल सेल खोलने को ले सीसीएल प्रबंधन अग्रसर है। मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के गजानंद प्रसाद ने कहा कि सभी विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण लंबे समय से संघर्षरत हैं। हमलोगों का उद्देश्य लोकल सेल चालू कराना, अधिग्रहित जमीन के बदले बकाया नौकरी व मुआवजा दिलाना और आउट सोर्सिंग कंपनी में वैकल्पिक रोजगार सृजन कर प्राथमिक लक्ष्य है। जिसे हर कीमत में पूरा किया जायेगा। यदि कोई बाहरी ताकत रोकने का प्रयास करेगी तो उसे मुहतोड़ जवाब भी दिया जायेगा। मौके पर अखिलेश प्रसाद, अमित कुमार, रामविलास अरविन्द गिरि करमाली, भोला साव, सुखदेव प्रसाद, सुरेश गिरि ने एक स्वर में लोकल सेल जल्द चालू करने की बात कही।

लोकल सेल मामले को ले कड़ी धूप में भी सौंदा बस्ती, सरैया टोला व चारू टोंगरी के सैंकड़ो महिला-पुरूष सयाल पीओ कार्यालय पहुंचे थें। इसमें भागवत प्रसाद, बासुदेव साहू, अनंत प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, ललन प्रसाद, अनिल प्रसाद, मानस मुंडा, अरविन्द प्रसाद, दयानन्द प्रसाद, अम्बर कुमार प्रसादए बिमला देवी, आरती देवी, सीमा देवी, रीता देवी, बसंती देवी सहित दर्जनों महिला-पुरूष शामिल थे।


सयाल पीओ के साथ वार्ता में शामिल विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण। ● द फोटोन न्यूज

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता के लिए बैठक आयोजित

# बच्चों को 20 अप्रैल को खिलाई जाएगी कृमि नाशक एल्बेंडाजोल दवाः उपायुक्त

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

जिले में 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत विशेष अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान एक से 19 साल तक के बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। यह गोली जिले में सभी सरकारी, निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर खिलाई जाएंगी।

यह बातें उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता के लिए आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कुल लक्षित 11 लाख 12 हजार 829 बच्चों को गोली खिलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को दवा सेवन से वंचित बच्चों को 25 अप्रैल को दोबारा अभियान संचालित कर दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए आप सभी लोग बेहतर रणनीति तैयार करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि एल्बेंडाजोल गोली खाने से किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है बल्कि इसे सेवन करने वाले बच्चों का स्वास्थ्य उत्तम रहता है जिसे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती।


राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित बैठक में उपायुक्त व अन्य ● द फोटोन न्यूज

# बोकारो के ईसाई मिशनरी स्कूल में जय श्रीराम बोलने पर बच्चों को सजा

### विहिप ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी

**संवाददाता, बोकारो।**

झारखंड के बोकारो जिले में स्थित लोयला स्कूल में एक छात्र के जय श्रीराम बोलने पर पूरी कक्षा के बच्चों को सजा दी गई। जय श्रीराम बोलने वाला यह छात्र दसवीं कक्षा में पढ़ता है। इस स्कूल का संचालन ईसाई मिशनरी करती है। यह घटना पांच अप्रैल की है। इसका खुलासा बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के धनबाद विभाग के मंत्री विनय कुमार ने किया।

विश्व हिंदू परिषद के नेता विनय कुमार ने जिला प्रशासन को स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिख फौरन जांच करवा कर कठोतरम कार्रवाई की मांग की है। विनय कुमार के अनुसार लोयला स्कूल में पांच अप्रैल को दसवीं की कक्षा चल रही थी। इस दौरान किसी बच्चे ने जय श्रीराम बोल दिया। इसके बाद शिक्षक ने सजा के तौर पर सभी बच्चों को अगले चार पीरियड के लिए सस्पेंड कर कक्षा से बाहर कर दिया। साथ ही छह अप्रैल तक के लिए पूरी क्लास को सस्पेंड भी कर दिया।

कुछ अभिभावकों का कहना है कि जय श्रीराम बोलने के लिए कुछ बच्चों से माफीनामा भी लिखवाया गया। डायरी में शिकायत लिखकर माता-पिता को मंगलवार को स्कूल बुलाया गया। स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल ने कुछ अभिभावकों को फटकार भी लगाई। इस पर प्रिंसिपल अलिशा मंजुनी ने सफाई दी है। उन्होंने पत्रकारों से कहा है कि छात्रों को अनुशासनहीनता और शिक्षक का आदेश नहीं मानने पर एक दिन के लिए सस्पेंड किया गया था। बच्चों को निलंबित नहीं किया गया।

## पुलिस ने तीन अफीम तस्करों को पकड़ा

**हजारीबाग** : कोरा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के जबरा से तीन अफीम तस्करों को पकड़ा है। इनके पास बैग से तीन किलो अफीम बरामद हुआ है। ये लोग माल लेकर दिल्ली जाने के लिए निकले थे। कोरा थाना में डीएसपी सीसीआर आरिफ एकराम ने प्रेस वार्ता में बताया कि पकड़े गए अफीम तस्करों के नाम मोहम्मद इरफान निवासी ग्राम कसारी, मनोज यादव ग्राम आर सेल, सुमन कुमार ग्राम सलगी थाना सिमरिया है। पुलिस ने इनके पास बैग से तीन किलो अफीम बरामद की है। इनके मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है, जिसके आधार अन्य तस्करों के खिलाफ जांच पड़ताल की जाएगी। गिरफ्तार तस्करों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### कोडरमा : सेक्रेड हार्ट स्कूल में मिजिल्स-रूबेला वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन, उपायुक्त ने कहा

# पौने तीन लाख बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया

**संवाददाता, कोडरमा।**

झुमरीतिलैया के सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को मिजिल्स-रूबेला वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में कोडरमा डीसी आदित्य रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार, नोडल ऑफिसर डॉ आशीष राज, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉक्टर दीपक कुमार और डॉक्टर मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया।

स्वागत भाषण में प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि जिला स्तर पर वैक्सीनेशन कैंप की शुरूआत सेक्रेड हार्ट स्कूल से हो रही है।

सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि मिजिल्स-रूबेला का प्रसार कोडरमा में हो रहा है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए इस कैम्प की शुरूआत की गई है।

कोडरमा डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि जिले में पौने तीन लाख बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसकी शुरूआत सेक्रेड हार्ट स्कूल से की गई है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हर क्षेत्र में यहां के बच्चे अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने वैक्सीन लेने वाले छोटे-छोटे बच्चों से बात की और हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया।

एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि स्कूल ने कई डॉक्टर, इंजीनियर और बैंकर्स दिए हैं। यहां के बच्चों ने हर स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।


स्कूल में आयोजित कैंप में बच्चे को टीका लगाती नर्स । ● द फोटोन न्यूज

## जिले में खसरा-रूबेला अभियान प्रारंभ

**संवाददाता, गिरिडीह।**

झारखंड के सर्वाधिक खसरा प्रभावित गिरिडीह जिले में बुधवार को खसरा - रूबेला मिजिल्स टीकाकरण अभियान प्रारम्भ किया गया। 12 अप्रैल से पांच मई तक चलने वाले इस विशेष अभियान की शुरूआत उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा , स्वास्थउप निदेशक डा० बुका उराव ,सीएस डा० एस पी मिश्रा की उपस्थिति में शहर के कार्मेल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्रा श्वेता कुमारी को टीका लगाकर की गई। टीकाकरण अभियान कार्यक्रम को संवोधित करते हुए उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि खसरा संक्रमण की गंभीरता को समझने की जरूरत है । उपायुक्त ने कहा कि दुर्भाग्यवस गिरिडीह देश का दूसरा जिला है जहा खसरे का सर्वाधिक प्रभाव देखागया है उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्य को बदलने की जरूरत है

मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ.बुका उरांव ने कहा कि पश्चिम बंगाल से सटे जिलों में खसरा का सर्वाधिक प्रभाव देखा गया है। यही कारण है कि बंगाल से सटे झारखंड के जिलों में टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। सिविल सर्जन डॉ.एसपी मिश्रा ने कहा कि जिले के कई ऐसे इलाके हैं, जहां के बच्चे खसरा टीकाकरण से वंचित रह गए थे।

2023 के अंत तक शत प्रतिशत खसरा उन्मूलन का लक्ष्य है ।जिले भर मे लगभग नौ लाख 09 माह से 15 साल तक के बच्चों को खसरे का टीका दिये जाने का लक्ष्य है। इससे पूर्व डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ.बुका उरांव, सिविल सर्जन डॉ.एसपी मिश्रा व स्कूल की प्राचार्या सिस्टर तेंरेसाड्डा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। समारोह में अतिथियों का स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम कर स्वागत किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश देने की कोशिश की गई कि खसरा हो तो झाड़-फूंक के फेर में ना फंसे,और सीधे डॉक्टर के पास इलाज करवार अपने बच्चों को खसरे से मुक्त कराये ।

कार्यक्रम में डीसी, उपनिदेशक व सिविल सर्जन के अलावा डीटीओ रोहित सिन्हा, डीईओ विनय कुमार, डॉ.अशोक कुमार, डीपीएम प्रमिला सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### गिरिडीह में प्रिंटिंग प्रेस में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के पचम्बा थाना इलाके के परसाटांड़ गांव में कॉपी-किताब छापने वाली आर्यन फैक्टरी (प्रिटिंग प्रेस) में मंगलवार देररात भीषण आग लग गई। इसे बुझाने में दमकल विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बुधवार तड़के इस पर काबू पाया जा सका। फैक्टरी के मालिक मिंटू बरनवाल ने करोड़ों रुपये का नुकसान होने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि मशीनरी के अलावा आईसीएसई, सीबीएसई, एमबीबीएस समेत कई अन्य कोर्स की महंगी किताबों का स्टॉक राख हो गया।

### फोरलेन जंगल के समीप जुआ अड्डा में लूटपाट

**भुरकुंडा रामगढ़ :** रामगढ़-बासल फोरलेन सड़क कुरसे जंगल के समीप बीती रात्रि जुआरियों के साथ मारपीट व लूटपाट करने की चर्चा है। चर्चा है कि कुरसे फोरलेन जंगल के समीप देर शाम कुछ लोग जुआ खेल रहे थें। इसी बीच 8-10 की संख्या में आये लोगों ने जुआरियों से लूटपाट की है। साथ ही मारपीट करते हुए जुआरियों के पैसे व मोबाईल भी छीन लिए। हलांकि इस संबंध में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है, और न ही किसी ने अपने साथ हुए मारपीट का मामला दर्ज कराया है। हलांकि चौक-चैराहों पर जुआरियों से लूटपाट व मारपीट की चर्चा हो रही है।

### खोपड़िया मंदिर समिति ने आमजनों की सुविधा के लिए पनशाला का किया शुभारंभ

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** कोयलांचल में भीषण गर्मी को देखते हुए भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया मंदिर समिति द्वारा आमलों एवं व्यवसायियों की सुविधा को ले पनशाला मंदिर परिसर में बुधवार को पनशाला का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व सचिव सह समाजसेवी विनय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर विनय सिंह ने कहा कि मानवहित के बारे में पहल करना ही सच्ची समाजसेवा है। प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पुण्य का कार्य है। मौके पर हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ समिति के सचिव जीवन कुमार गुप्ता, सुरेश उपाध्याय, अमित शर्मा, पप्पू सिंह, सुखदेव राम, उमेश सिंह, बबलू मोदी, शिव कुमार गुप्ता, अजय गोयल, विनोद शर्मा, किशन, बाबूलाल नायक, राहुल, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

### अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई, बालू लदा हाईवा एवं एक ट्रैक्टर जप्त

**रामगढ़ :** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान के दौरान बरकाकाना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बालू लदे हाईवा एवं एक ट्रैक्टर तथा रामगढ़ थाना क्षेत्र में दो बालू लदे ट्रैक्टरों को बिना परिवहन चालान के खनिज का परिवहन करने का दोषी पाया गया है। वाहन को जब्त कर रामगढ़ थाना को आगे की कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर एफ आई आर दर्ज किया गया। जांच दल में खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक, रामगढ़ व बरकाकाना थाना के पुलिस बल आदि शामिल थे।

### फंदे से लटका मिला शिक्षक का शव

**गिरिडीह :** जिले के घोड़थंबा थाना क्षेत्र के बलहारा गांव में बुधवार को एक शिक्षक का शव फंदे से लटका मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घोड़थंबा ओपी प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि मामला हत्या से जुड़ा है या सुसाइड से, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कहा जा सकता है। मृतक की पहचान 38 वर्षीय शिक्षक विनोद साव के रूप में हुई है। वह जिले के बिरनी थाना इलाके के भरकट्टा गांव के रहने वाले थे। बतौर सरकारी शिक्षक गांवा थाना इलाके के जमडार हाई स्कूल में पढ़ाते थे। बलहारा गांव स्थित एक मकान में वह किराएदार के रूप में रहते थे।

### इको टूरिज्म को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को वन क्षेत्र के इको टूरिज्म को लेकर बैठक की गई। बैठक में लावापानी जलप्रपात, धरधरिया जलप्रपात, चूल्हा पानी दामोदर के उद्गम स्थल तथा 27 नंबर ब्रिज जाने वाले पहुंच पथों की स्थिति की जानकारी ली गई। पर्यटन स्थलों के पहुंच पथ एवं दूरी का आकलन कर आवश्यक कार्य के लिए वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता आरईओ को दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार, नारायण राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### पीरटाड़ में परम्परागत भोक्ता पर्व में शामिल हुए कई जिलों के लोग

**गिरिडीह :** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पालगंज स्थित महादेव मंडा में बुधवार को श्रद्धा ,निष्ठा और उल्लास के साथ भोक्ता पर्व मनाया गया। इस पर्व के दौरान लगभग 50 श्रद्धालुओं ने पांच दिनों तक उपवास रखकर यह व्रत किया। अंतिम दिन सभी 50 श्रद्धालुओं ने अपनी पीठ पर बांह व शरीर के अन्य हिस्सों में लोहे की कील चुभा कर ऊंचे बने विशाल झूले में रस्सी के सहारे झूलने की परंपरा निभाई। परम्परा गत इस पर्व भाग लेने के वास्ते भारी संख्या में आसपास के गांवों से लोग पालगंज पहुंचे थे। पांच दिवसीय मेला में गिरिडीह, देवघर, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका सहित कई जिलों से आये हजारों लोग ढोल नगाड़ो के साथ इस मेले में पहुंचकर पूजा अर्चना की। बताया जाता है कि भोक्ता पर्व को लेकर बड़ी आबादी के गहरी आस्था से जुडी है।

### खूंटी क्लब में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 16 अप्रैल को

**खूंटी :** खूंटी क्लब और श्री गणेश आई हॉस्पिटल रातू रोड रांची के संयुक्त तत्वावधान में 16 अप्रैल को खूंटी क्लब परिसर में निःशुल्क आंख और मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोज किया जाएगा। शिविर में श्रीगणेश आई हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ अमित जयसवाल और उनकी टीम द्वारा जांच की जाएगी। शिविर रविवार को पूर्वाहन 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक ही चलेगा। यह जानकारी क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने दी। उन्होने आंखों की जांच के इच्छुक व्यक्तियों से समय पर खूंटी क्लब परिसर पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालॉजी (इफ्ट) में वेबिनार का आयोजन

**रांची :** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालॉजी (इफ्ट) रांची में वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें देश के जानेमाने फैशन डिजाइनर अनुज शर्मा द्वारा छात्रों को फैशन के फंडे और फैशन वर्ल्ड के नए डिजाइन ट्रेंड्स के बारे में जानकारी दी गयी। अनुज शर्मा बिना किसी मशीन, औजार या टांके की तकनीक के कपड़े बनाने का एक अनूठा तरीका लेकर आए हैं। उनके लेबल का नाम बटन मसाला है। इसके अलावा उन्होंने निट फ्रैबिक्स की ड्रैपिंग, फैशन ट्रेंड्स, फैशन इंडस्ट्री पर रिसर्च और डिजाइन और रिटेल के बारीक कौशल से भी अवगत कराया। उन्होंने तकनीकी डिजाइन और ड्रैपिंग टिप्स भी दिए। साथ ही ट्रेंड्स, फैशन को लेकर अनुमान एवं भविष्यवाणी, फैशन के अंदाज, टेक्सटाइल डिजाइन इंडस्ट्री से जुड़ी जानकारियां दी। अंत में उन्होंने छात्रों के सवालों का जवाब भी दिया। फैशन डिजाइनर अनुज शर्मा मुख्य रूप से शिल्प विकास और स्थिरता के क्षेत्रों में काम करते हैं। शर्मा के अन्य क्षेत्रों में फैशन सिखाना और फैशन की मदद से मानव व्यवहार को समझना शामिल है। उन्होंने पहले जापान, यूके, स्वीडन और बांग्लादेश में संग्रह दिखाया है। वह मुंबई में लक्मे फैशन वीक में भी नियमित भाग लेते रहे हैं। इस वेबिनार में इफ्ट के छात्र आर्या, मुस्कान, किरण, ज्योति प्रियंका, रितिका, जेसिका, अमीशा, अंजलि, शिबानी, लक्ष्मी, अनुप्रिया, कुमुदिनी, सिद्धि, सुकृति, सुधा, अकांक्षा और पृथ्वी भाग लिया। इफ्ट के तरफ से अनामिका सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, रफत नाज उपस्थित थे। उपयुक्त जानकारी संस्थान के निदेशक श्री अभिषेक विस्वास ने दी।

# जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत द्वारा मदनपुर एवं रफीगंज में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक

**औरंगाबाद :** जिला पदाधिकारी, श्री सुहर्ष भगत द्वारा मदनपुर एवं रफीगंज प्रखंड पहुंचकर प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा मदनपुर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, रफीगंज से प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त अंचल अधिकारी से रिकॉर्ड ऑफ राइट्स अद्यतीकरण की जानकारी ली गई। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी रफीगंज से बढ़ती गर्मी के मद्देनजर हिटवेव की तैयारी से संबंधित जानकारी ली गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से जन वितरण प्रणाली की दुकानों की स्थिति की जानकारी ली गई। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रफीगंज से आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों से उनके विभागीय कार्यों के प्रगति की जानकारी ली गई। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा रफीगंज प्रखंड पहुंचकर समीक्षा बैठक की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। इसके उपरांत एक-एक कर विभागीय कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को रफीगंज प्रखंड अंतर्गत सभी



चापाकल की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त अन्य सभी पदाधिकारियों से उनके विभागीय कार्यों के प्रगति की जानकारी ली गई। समीक्षा बैठक में गोपनीय शाखा प्रभारी अमित कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रफीगंज उपेंद्र दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी मदनपुर कुमुद रंजन, अंचल अधिकारी रफीगंज, अंचल अधिकारी मदनपुर, सीडीपीओ मदनपुर, सीडीपीओ रफीगंज, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, एमओ एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले का ऋणी है शुद्र समाज : पूर्व चेयरमैन

**दाऊदनगर (औरंगाबाद)।** शुद्र समाज महात्मा ज्योतिबा फुले का ऋणी है क्योंकि उन्होंने ही सबसे पहले शूद्रों और स्त्रियों के लिए शिक्षा का द्वार खोला था। उक्त बातें महात्मा ज्योतिबा फुले चेतना परिषद,दाऊदनगर के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने परिषद के ही तत्वावधान में माली टोला (महात्मा फुले नगर) में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए दाऊदनगर के पूर्व चेयरमैन धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ही वह पहले महापुरुष थे जिन्होंने समाज के 85% पिछड़ों-दलितों को मानवीय गरिमा के साथ जीने का रास्ता दिखाया ।" सभी उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की शुरूआत में सबसे पहले महात्मा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । तत्पश्चात अनेक वक्ताओं ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए । स्थानीय सप्तम वर्ग का विद्यार्थी विवेकचंद्र सैनी ने अपने वक्तव्य में सरकार से तीन मांगों से संबंधित प्रस्ताव उपस्थित लोगों के बीच रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इन मांगों में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के दिन 11 अप्रैल को सरकारी छुट्टी घोषित करने, प्रत्येक सरकारी भवन के समक्ष ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की मूर्ति लगाने तथा पाठ्य पुस्तकों में ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की जीवनी को शामिल करने की मांगें शामिल हैं।

## संक्षिप्त -समाचार

# देश से निर्यात में लगातार हो रहा इजाफा : नंदकिशोर

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। बीते 8 वर्षों में ही भारत ने निर्यात क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री यादव ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वित्तीय वर्ष 2016 में भारत में जहां 435 बिलियन यूएस डॉलर का निर्यात होता था, वहीं साल 2022 तक 676 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंच गया। यानी इस अवधि के बीच कुल 55.4 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गयी थी। निर्यात में वृद्धि से भारत एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। श्री यादव ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष में भारत के गुड्स और सर्विसेज का निर्यात 750 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में 2022- 23 में रिकॉर्ड प्रदर्शन एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जिसमें महामारी, उसके बाद रूस -यूक्रेन युद्ध, दुनियाभर में व्यवसायिक गतिविधियां बाधित होना शामिल हैं । यादव ने कहा कि देश का रिकार्ड प्रदर्शन हमें आशावादी बनाती है कि 2030 तक गुड्स और सर्विसेज का निर्यात एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय में पुस्तकोपहार कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



**औरंगाबाद :** केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद में " पुस्तकोपहार कार्यक्रम" का सफल आयोजन प्राचार्य डॉ अनूप शुक्ला की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के मध्य पुस्तकों का आदान-प्रदान किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इसके मध्य प्राचार्य के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए यह बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कागज की बचत और इसकी बबार्दी को रोकना है तथा आगे उन्होंने बताया कि इससे वृक्षों की अनावश्यक कटाई रुक जाती है।आगे उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया की वे वृक्षों तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहें । इस कार्यक्रम में निम्न बच्चों ने भेट स्वरूप पुस्तकें प्राप्त किया । अंकित कुमार, अंशुल, उत्तम राज, रिशव राज, अभिमन्यु कुमार, तृषा गर्ग, शिवांश, संजीव, अंजलि इत्यादि बच्चों ने आपस में पुस्तकों का आदान-प्रदान किया । इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष संजय कुमार ने बच्चों को पुस्तकों का महत्व समझाया और उसको साफ सुथरा रखने का आग्रह किया ।

# निवर्तमान कॉपरेटिव अध्यक्ष ने भरा अपना नामांकन पर्चा

**औरंगाबाद :** कॉपरेटिव बैंक समूह के अध्यक्ष पद के चुनाव का आज पहला दिन नामांकन करने पहुंचे संतोष कुमार सिंह निवर्तमान कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष। बताते चलें कि औरंगाबाद कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष के रूप में संतोष कुमार सिंह ने आज दूसरी बार नामांकन करने समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार कक्ष में एसडीओ विजयंत के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया नामांकन दाखिल करने के दौरान योजना भवन से बाहर निकलते हुए अपने समर्थकों के साथ मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के सभी पैक्स अध्यक्षों ने मुझे पहली बार अध्यक्ष चुना था जिसके प्रति बैंक का प्रदर्शन हमारे कार्यकाल में शानदार रहा । आगे उन्होंने बताया कि हमारे कार्यकाल से पहले कोपरेटीव बैंक का हाल बहुत बुरा था जिसको मैं अपने स्तर से और सभी पैक्स अध्यक्षों के समूह को मिलाकर बैंक को सही रास्ते पर लाकर खड़ा किया हु । लगभग आज बैंक का मूलधन 70% के साथ में बैंक का हाथ में है। औरंगाबाद कॉपरेटिव बैंक का बहुत विकास किया हूं ।और शेष कार्य अगर दूसरी बार हमें मौका मिलती है तो कॉपरेटिव बैंक का शुद्ध लाभ में लाने का काम करूंगा और उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि औरंगाबाद जिले के सभी पैक्स अध्यक्ष हमारे पक्ष में मतदान करेंगे और इन्हीं लोगों के आशीर्वाद से मैं पुनः अध्यक्ष बनूंगा और इनके कार्यकाल कि काम का विकास निरंतर करता रहुगा और बैंक का भी कामकाज सही समय पर किसानों के हित में काम होते रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मैं पुनः अध्यक्ष बनूंगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ सचिव ने की बैठक

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर द्वारा अपने प्रकोष्ठ में आगामी 13 मई 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक किया गया, जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकुल राम अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सौरभ सिंह, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश मिश्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुदीप पाण्डेय, शाद रज्जाक, सचिन कुमार, उपस्थित थे। सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से अपने न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय चिन्हित वादों की अद्यतन स्थिति तथा उसके पक्षकारों के नोटिस प्रकिया की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। तथा चिन्हित वादों की अद्यतन स्थिति तथा पक्षकारों के नोटिस तामिला तथा उससे जुड़े विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकुल राम के नेतृत्व में इस बार पहले से भी ज्यादा वादों के निस्तारण करने हेतु आश्वासन दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि अभी तक कई मामलों में प्रि काउंसलिंग



की प्रक्रिया अंतिम चरणों में है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री सौरभ सिंह के द्वारा भी बताया गया की उनके न्यायालय में भी कई वाद इस लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्री कॉउंसलिंग की प्रक्रिया में है । सचिव ने बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जितने भी वाद चिन्हित किये गयें हैं यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उक्त वाद को ऑनलाइन पोर्टल सीआईएस पर अपलोड हो जाये। ताकि समयानुसार सम्बन्धित पक्षकारों से प्रि-काउन्सलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके। तथा समस्या होने पर पक्षकारों को कॉउंसलिंग हेतु प्राधिकार से सम्पर्क स्थापित करें ताकि उन्हें अपने वादों के निस्तारण हेतू प्रेरित किया जा सके। ताकि लोक अदालत के लाभ से अधिक से अधिक लोग उठा कर अपने वादों का निस्तारण करवायें।

# महात्मा ज्योतिबा राव गोविंदराव फुले की जयंती आयोजित

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर गया रोड स्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता के आवास पर बड़े हॉल में क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा राव गोविंदराव फुले जी की जयंती भव्य रूप से मनाई गई। महात्मा फुले के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय मेहता एवं संचालन मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने किया। श्री मेहता ने कहा कि शोषित वंचित व एवं महिलाओं के उत्थान व शिक्षा के सदैव संघर्षरत महान लेखक समाज सुधारक महान दार्शनिक बहुजन आंदोलन के स्तंभ थे महात्मा फुले गोविंदराव फुले। उन्होंने कहा कि इन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को कुशल शिक्षिका बनाया और ये दोनों पति पत्नी देश के वंचित शोषित पीड़ित महिलाओं के शिक्षा के लिए अग्रदूत बनकर लगातार शिक्षा का अलख जगाते रहे महात्मा फुले और उनकी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ हमेशा संघर्ष करती रही है। श्री मेहता ने बिहार सरकार से इस अवसर पर मांग रखा की जिस प्रकार से मध्य प्रदेश सरकार ने महात्मा फुले की जयंती को राजकीय घोषित किया गया है। उसी प्रकार से बिहार सरकार इसे राजकीय इनकी पुण्यतिथि एवं जयंती घोषित करें साथ में बिहार बोर्ड के पाठ्यक्रम में इनकी जीवनी को भी जोडे। वरिष्ठ जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि ऐसे महामानव के कारण वर्तमान समय में हमारे देश की महिलाएं पुरुषों से एक कदम आगे हैं आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों का मुकाबला कर रही है इस कार्यक्रम का आयोजक युवा भाजपा नेता जितेंद्र कुशवाहा,इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व प्रमुख राजेंद्र पासवान,भाजपा जिला उपाध्यक्ष टैगोर कुमार,शमशेरनगर मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, हसपुरा मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष युवा भाजपा नेता अमन कुशवाहा,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, पूर्व मंडल महामंत्री अनूप मनोहर, पूर्व मंडल महामंत्री पिंस पाठक, केडीए कैंपस के डायरेक्टर अमरेंद्र कुमार, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामसकल मेहता,संजय शर्मा, मीडिया प्रभारी नीरज रावत एवं सैकरो समाजसेवी महिलाएं उपस्थित रहे।

# पंचायत में फसल कटनी प्रयोग का किया गया प्रशिक्षण



**औरंगाबाद :** सहायक निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, बिहार शैलेंद्र कुमार पांडेय द्वारा दाउदनगर प्रखंड के करमा पंचायत में फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त ओबरा प्रखंड के सरसौली पंचायत में वषार्मापी यंत्र, स्वचालित मौसम केंद्र इत्यादि का निरीक्षण किया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में जन्म एवं मृत्यु दर के जीवनांक सांख्यिकी का भी निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात सदर प्रखंड औरंगाबाद के पडरावा पंचायत में स्वचालित वषार्मापी यंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, दाऊदनगर एवं ओबरा अंचल अधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दाऊदनगर एवं अन्य ने भाग लिया। अंत में सहायक निदेशक द्वारा जिला सांख्यिकी कार्यालय औरंगाबाद का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सतीश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी दाउदनगर योगेंद्र पासवान, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दाउद नगर एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का हाथ

**औरंगाबाद :** सांसद सुशील कुमार सिंह के आवास सिंह कोठी पर भारतीय जनता पार्टी सामाजिक न्याय सप्ताह महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी एवं सदस्यता ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुरूआत वन्दे मातरम एवं ज्योतिबा फुले के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया एवं इस कार्यक्रम में सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में लोकसभा क्षेत्र के इमामगंज विधानसभा के लोग सैंकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।इस मौके पर सांसद ने समाज सुधारक विचारक लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें नमन किया एवं सांसद ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिए कई कार्य किए दलितों के प्रति भेदभाव समाप्त कर उन्हें समाज में आस्थान दिलाने के लिए महात्मा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की उन्होंने समाज को कुरीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए



सभी वर्गों की शिक्षा पर बल दिया।आप सभी लोगो का भाजपा परिवार में स्वागत एवं अभिनंदन है।आप सभी लोग 8980808080 पर मिस्ड कॉल देकर भाजपा का सदस्य बनना है और 782000782000 पर मिस्ड कॉल कर सरल ऐप डाऊनलोड करना है।इस प्रक्रिया के बाद आप भाजपा के सदस्य बन जाएंगे और आपका नाम केन्द्रीय कार्यालय में अंकित हो जाएगा।भाजपा का सर्वोत्तम सिद्धांत राष्ट्र सर्वोपरि है प्रधानमंत्री ने देश को एक मजबूत संदेश दिया है सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है।आज इतनी ज्यादा संख्या में सभी लोगों ने पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर भाजपा ज्वाइन की है।भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि सभी लोगों का भाजपा परिवार में स्वागत है।आप सभी लोगों को भाजपा ज्वाइन करने से पार्टी और मजबूत होगा।इस मौके पर भाजपा गया जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिन्टु, पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा,भाजपा जिला महामंत्री मुकेश सिंह,संजय गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,अति पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी,विश्वजीत कुमार भाजपा नेता उदय सिंह,ब्रजेश सिंह,जिला उपाध्यक्ष जुलेखा खातुन,सारिका शेखर,जिलामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा,जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह,अवनीश सिंह,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता सिंह,सुमन अग्रवाल,एवं पार्टी का सदस्यता ग्रहण करने वाले में मुन्ना कुमार मुखिया नारायणपुर पंचायत,निरंजन कुमार मुखिया विराज पंचायत,सुनील कुमार बरवाडीह,योगेन्द्र साव हरनी,अरबिन्द यादव,राकेश कुमार,शम्भू कुमार,अशोक यादव,संजीत यादव,उपेन्द्र यादव,आलोक कुमार,अनीश यादव,प्रिंस यादव,पप्पू यादव,सौरभ यादव,धर्मेन्द्र यादव,विनय यादव,अनिल साहनी,सूरज कुमार,अखिलेश कुमार,रौशन कुमार,आर्या सिंह,एवं सैंकड़ो लोगो ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया।

# आहार, पोखर, तालाब कुँआ को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व जिला 20 सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को कई वर्षों से घोषित, आहार, पोखर, तालाब कुँआ को अतिक्रमणमुक्त कराकर उनका जीर्णोद्धार कार्यक्रम के क्रियान्वयन नही होने के सम्बंध मे पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा जनहित में अनेकों लोक लुभावन नीतियों कार्यक्रमो की घोषणा तो की गई है, परंतु कोई भी धरातल पर नही क्रियान्वित नही होती। लगातार भूजल स्तर गिरने से प्रत्येक वर्ष शुध्द पेयजल की उतपन्न हो रही समस्या से बिहार का जन जीवन जूझने को विवश है और आपके घोषणाएं फाइलों में धूल फाँक रही है। मुख्यमंत्री जी हम समझते हैं कि बिहार में जितने भी आहार, पोखर, तालाब, कुँआ एवं नदी नाले आदि जितने जलस्रोत हैं जिनके बदस्तूर अतिक्रमण जारी है जिस कारण से न सिर्फ लोगों को पेयजल के संकट का सामना करना पड़ रहा है बल्कि हल्की बारिश में शहरों से लेकर गाँव तक सड़के गलियाँ पानी मे डूब जाती है और जन जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है और यह सब नदी नाले जलमार्गों के अतिक्रमण के कारण होते हैंआज लोगों की बदली जीवन शैली और सरकार के नल जल योजना से भी केवल धरती से जल निकाल ही रहे हैं चाहे पीने के लिए हो या खेती या उद्योग के लिए लेकिन हम आहार, पोखर, तालाब या सोखता बनाकर पुनः धरती के जलस्तर को सामान्य और समृद्ध नही कर रहे हैं। जबकि बदलते पर्यावरण और जलवायु के दौर में जरूरत है

# खेल हमारी जीवन शैली का एक विशिष्ट हिस्सा : सांसदखेल हमारी जीवन शैली का एक विशिष्ट हिस्सा : सांसद

**औरंगाबाद।** शहीद भगत सिंह युवा क्लब द्वारा नवींनगर के सनौरा पंचायत के ग्राम रेगनियां मंझौली के द्वार आयोजन किए जा रहे सद्भावना फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबला रेगनिया मझौले के ऐतिहासिक मैदान पर मिजार्पुर बनाम अवसान के बीच खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन काराकट सांसद महाबली सिंह ने किया। पूर्व नबीनगर के विधायक वीरेंद्र सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,जदयू के वरिष्ठ नेता संजीव सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष सुजीत सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने कहा की खेल हमारी जीवन शैली का एक विशिष्ट हिस्सा है जो कि सभी के लिए अति आवश्यक पहलु के रूप में इंगित है औरंगाबाद जिले का समाजसेवी नितिन कुमार सिंह ने बाताया की ग्रामीण क्षेत्र में खेल और ग्रामीण के बीच आपसी सद्भाव और भाईचारा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर हमारे गाँव मे सद्भावना खेल



टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता रहा है मैच की शुरूआत गाजे बाजे और राधा कृष्ण की झांकी के बाद राष्ट्रगान से किया गयो सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, फूलों की माला और गुलदस्ते से किया गयो मैच में मिजार्पुर और अवसान के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें अवसान की टीम विजय रही, विजेता और उपविजेता दोनों को मुखिया अतिथि महाबली सिंह के द्वारा ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया गयो फुटबॉल टूनार्मेंट का सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों ने कमेटी के सदस्य सिंह भीम सिंह, बलवंत सिंह,कृष्णा सिंह, धीरज सिंह, नितिन सिंह, लव सिंह, ललित सिंह, अनिल सिंह, अक्षय सिंह, संतोष मिश्रा, विकास सिंह, हरिभूषण सिंह, निशांत सिंह, रविरंजन कुमार, रवि मिश्रा, अभिषेक सिंह, ब्रजेश कुमार को धन्यवाद किया और आग्रह किया कि लगातार इस तरह का सफल टूनार्मेंट करवाते रहे।

## संपादकीय

# आप की धाक

महज एक दशक पहले बनी आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलना निस्संदेह चमत्कारिक सफलता ही कहा जायेगा। वह भी उसी समय जबकि कई दिग्गज नेताओं की पार्टियों मसलन नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म हो गया है। आप की यह सफलता केंद्रीय चुनाव आयोग के संवैधानिक प्रावधान के अनुरूप ही संभव हुई है। दरअसल, चुनाव आयोग के नियम 1968 के अनुसार, किसी राजनीतिक पार्टी का चार राज्यों में लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ना, इन चुनावों में कम से कम छह प्रतिशत वोट हासिल करना, किसी राज्य या राज्यों से चार सांसद चुने जाने अथवा लोकसभा में दो प्रतिशत सीट हासिल करने पर अथवा चार राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी होने का रुतबा हासिल होने पर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाता है। इसके चलते आप को अब एक चुनाव चिन्ह पर पूरे देश में चुनाव लड़ने का अवसर मिल सकेगा। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने चार राज्यों में छह प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल कर लिये थे। आप ने दिल्ली व पंजाब में जहां सरकार बनायी, वहीं गुजरात में तेरह प्रतिशत व गोवा में छह प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर लिये थे। जाहिर बात है कि राष्ट्रीय दल का दर्जा मिलने से आप के खेमें में खुशी की बयार है। अरविंद केजरीवाल महज दस साल में हासिल पार्टी की कामयाबी को चमत्कार की संज्ञा दे रहे हैं। वह भी ऐसे समय में जब तीन महत्वपूर्ण पार्टियों से यह दर्जा छिन गया है। आप के लिये यह सुखद इसलिए भी कि अगले साल देश में आम चुनाव होने जा रहे हैं, जिसके चलते वह राष्ट्रीय राजनीति में अपनी दावेदारी पेश कर सकती है। इस वर्ष भी कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पार्टी जनता के बीच जाकर खुद को राष्ट्रीय राजनीति के विकल्प के रूप में पेश करेगी।

बहरहाल, बहुत संभव है केजरीवाल को आने वाले समय में बड़े विपक्षी नेता के रूप में भूमिका निभाने का मौका मिले। लेकिन एक बात तो तय है कि राष्ट्रीय राजनीति में केजरीवाल का कद हर हाल में बढ़ेगा। निस्संदेह, राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल करने के बाद आप के लिये राजनीतिक परिदृश्य में बहुत कुछ बदलने वाला है। पार्टी आसन्न विधानसभा व आम चुनाव में ज्यादा मजबूत स्थिति में चुनाव लड़ सकती है। पार्टी को जहां पब्लिक ब्रॉडकास्टर यानी दूरदर्शन आदि के जरिये चुनाव प्रचार का मौका मिलेगा, वहीं उसके स्टार प्रचारकों की संख्या व उनके खर्च करने की सीमा बढ़ेगी। पार्टी को चुनाव खर्च आदि में टैक्स आदि में छूट मिलेगी। वहीं नियमानुसार उसकी चुनावी चंदा लेने की क्षमता में भी वृद्धि राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के बाद होगी। दिल्ली में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यालय खोलने के लिये जमीन उपलब्ध करायी जायेगी। निस्संदेह, देश में इस वक्त छह राष्ट्रीय दलों में शामिल होना आप की बड़ी उपलब्धि ही कही जायेगी। जिसके चलते पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। सोमवार को पार्टी को राष्ट्रीय दर्जा मिलने पर अरविंद केजरीवाल ने खुशी जतायी तथा पार्टी के दो मजबूत स्तंभों व पूर्व मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की कमी महसूस होने का जिक्र भी किया। बहरहाल, मौजूदा स्थिति में आम आदमी पार्टी का राजनीतिक कद निश्चित रूप से बढ़ेगा। विपक्ष के घटक के रूप में आंदोलनों के दौरान आप को ज्यादा तवज्जो मिलेगी। लेकिन इसके साथ ही पार्टी की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वह एक विश्वसनीय व जवाबदेह विपक्ष के दायित्वों को निभाते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करे। वह भी ऐसे समय में जब कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की शक्तियों का क्षरण करने का आरोप केंद्र सरकार पर लगाते रहे हैं। जनता के प्रतिनिधि के तौर पर एक मजबूत विपक्ष का होना लोकतंत्र की खूबसूरती ही कही जायेगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य व जनभागीदारी के लिये आम आदमी पार्टी ने जो रचनात्मक पहल दिल्ली में की है, वैसा लाभ शेष देश को भी मिलेगा।

# चीन को तल्ख जवाब

चीन की दंबगई का उसी के अंदाज में जवाब देने में केंद्र की मोदी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ती है। हाल में चीन ने अपने फैसले से भारत के साथ तनातनी को मजाहिरा किया। पहला, उसने अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नाम चीनी भाषा में जारी किए। इस घोषणा का सीधा सा अर्थ इन भारतीय क्षेत्रों पर अपना दावा करना है। दूसरा, चीन में तैनात भारत के दो पत्रकारों को संदेश भेजा कि उनका चीनी वीजा रोक दिया गया है और वे चीन नहीं लौट सकेंगे। ये सारा घटनाक्रम यह



बताने को काफी है कि भारत का अपने पड़ोसी देश के साथ रिश्ता कितना तल्ख है। शायद चीन की इसी हनक का जवाब देने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने चीन से सटे सीमावर्ती इलाके का दौरा किया। शाह ने बिना लाग-लपेट के चीन को यह संदेश दिया कि भारत उसकी बंदरघुड़कियों से डरने वाला नहीं है और भारत की सुई की नोक बराबर जमीन पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है। चीनी समकक्ष के साथ भले भारतीय प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की आधिकारिक मुलाकातें होती रही हों, मगर संबंधों में सहजता का अभाव दिखता है। यहां तक कि लद्दाख में पैंगोंग झील में वर्ष 2021 में दोनों सेनाओं के बीच हिंसक झड़प के बाद कमांडर स्तर की वार्ता भी रिश्तों को सामान्य नहीं बना सकी है। रह-रहकर चीन अपनी करतूतों से बाज नहीं आता है। शाह ने अरुणाचल प्रदेश जाकर और वहां से चीन को कड़े शब्दों में भारत की मंशा जताकर यह संदेश देने की भरसक कोशिश की है कि भारत को लेकर चीन को अब तो अपनी समझ का दायरा बढ़ाना चाहिए कि अब किसी दबाव में नहीं आने वाला। चीन की विस्तारवादी नीतियों और उसकी हमेशा पड़ोसी देशों के प्रति आक्रामक तरीके से बर्ताव करना किसी भी सभ्य देश के बर्दाश्त के बाहर की चीज है। दरअसल, यह जरूरी भी था। चीन की कुटिल चाल का सही और सधे रूप में जवाब इसी तरह होना चाहिए। हां, सिर्फ जुबानी खर्च करने के बजाय कुछ केंद्र सरकार को सीमावर्ती इलाकों में आधारभूत संरचना को मजबूत करना होगा। वैसे, भारत ने इस दिशा में काम शुरू किया भी है। 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम शुरू करने के पीछे यही मकसद है कि सीमा से लगते उन गांवों में बुनियादी ढांचा मजबूत हो। फिलहाल अरुणाचल, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल और लद्दाख के कुल 2,967 गांवों को विकसित करने की योजना है।

## सूक्ति

मुट्ठी भर संकल्पवान लोग जिनकी अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था है, इतिहास की धारा को बदल सकते हैं।
-महात्मा गांधी

हजार योद्धाओं पर विजय पाना आसन है, लेकिन जो अपने उपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।
- गोतम बुद्ध

## चिंतन-मनन

# शुद्ध भक्त सर्वोत्तम

निर्विशेषवादी के लिए ब्रह्मभूत अवस्था अर्थात ब्रह्म से तदाकार होना परम लक्ष्य होता है। लेकिन साकारवादी शुद्धभक्त को इससे भी आगे शुद्ध भक्ति में प्रवृत्त होना होता है। इसका अर्थ हुआ जो भगवद्भक्ति में रत है, वह पहले ही मुक्ति की अवस्था, जिसे ब्रह्मभूत या ब्रह्म से तादात्म्य कहते हैं, प्राप्त कर चुका होता है। परमेर या परब्रह्म से तदाकार हुए बिना कोई उनकी सेवा नहीं कर सकता। परम ज्ञान होने पर सेव्य तथा सेवक में कोई अन्तर नहीं कर सकता, फिर भी उच्चतर आध्यात्मिक दृष्टि से अन्तर रहता ही है।

देहात्मबुद्धि के अन्तर्गत, जब कोई इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, तो दुख का भागी होता है, लेकिन परम जगत में शुद्ध भक्ति में रत रहने पर कोई दुख नहीं रह जाता। चूंकि ईश्वर पूर्ण है, अतएव ईश्वर से सेवारत जीव भी कृष्णभावना में रहकर अपने में पूर्ण रहता है। वह ऐसी नदी के तुल्य है, जिसके जल की सारी गंदगी साफ कर दी गई है। चूंकि शुद्ध भक्त में कृष्ण के अतिरिक्त कोई विचार ही नहीं उठते, अतएव वह प्रसन्न रहता है।

वह न किसी भौतिक क्षति पर शोक करता है, न किसी लाभ की आकांक्षा करता है, क्योंकि वह भगवद् भक्ति से पूर्ण होता है। वह भौतिक जगत में न किसी को अपने से उच्च देखता है और न निम्न। ये उच्च तथा निम्न पद क्षणभंगुर है और भक्त को क्षणभंगुर प्राकट्य या तिरोधान से कुछ लेना-देना नहीं रहता। उसके लिए पत्थर तथा सोना बराबर होते हैं।

यह ब्रह्मभूत अवस्था है, जिसे शुद्ध भक्त सरलता से प्राप्त कर लेता है। उस अवस्था में स्वर्ग प्राप्त करने का विचार मृगतृष्णा और इन्द्रियां विषदंतविहीन सर्प की भांति प्रतीत होती हैं। जिस प्रकार विषदंतविहीन सर्प से कोई भय नहीं रह जाता उसी प्रकार स्वत- संयमित इन्द्रियों से कोई भय नहीं रह जाता। भक्त के लिए समग्र जगत वैपुंठ तुल्य होता है। ब्रह्मांड का महान से महानतम पुरुष भी भक्त के लिए क्षुद्र चींटी से अधिक महत्वपूर्ण नहीं होता।

# पद ज़िम्मेदाराना-बोल जाहिलाना ?



निर्मल रानी




पिछले दिनों हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने फ़रीदाबाद में एक कार्यक्रम में फ़रमाया कि -हमें 5 एस के सिद्धांत पर चलते हुये आगे बढ़ना है। और इस 5 एस को उन्होंने शिक्षा ,स्वास्थ्य स्वावलंबन,सुरक्षा और स्वाभिमान जैसे शब्दों से परिभाषित किया। सुनने में तो मुख्यमंत्री महोदय की बातें किसी दार्शनिक के प्रवचन जैसी लगती हैं। परन्तु जब उनके इस प्रवचन की तुलना उन्हीं के द्वारा पूर्व में दिये गये उनके कई बयानों से की जाये तो उनके इस 5 एस के सिद्धांत पर चलने की सलाह पर सवालिया निशान खड़ा होता है। उनका ताज़ा तरीन बयान जो पिछले दिनों उन्होंने भिवानी में एक कार्यक्रम के दौरान तब दिया जब उनसे एक पत्रकार द्वारा यह पूछा गया कि पुलिस भर्ती में अभी तक सभी उम्मीदवारों को नियुक्ति क्यों नहीं मिली? इस प्रश्न के जवाब ने मुख्यमंत्री ने कहा कि- आप में से ही कुछ लोग थे जो कोर्ट चले गए और जज ने स्टे लगा दिया। एक जज है उनके माथे में कुछ गड़बड़ है उसे जल्द ठीक करेंगे। न्यायपालिका के जज के बारे में उनके द्वारा ऐसी निम्नस्तरीय व धमकी भरी भाषा का प्रयोग क्या उनके 5 एस के सिद्धांत में से शिक्षा,सुरक्षा और स्वाभिमान की किसी श्रेणी में फ़िट बैठता है ? एक जज के विरुद्ध किसी मुख्यमंत्री जैसे ज़िम्मेदाराना पर बैठे व्यक्ति के बोल उस जज की सुरक्षा व स्वाभिमान तथा स्वयं मुख्यमंत्री की शिक्षा पर सवाल खड़ा नहीं करते ? इसके पहले भी फ़रीदाबाद में ही खट्टर की कश्मीर से हरियाणा के लिए बहू लाने के लिए दिए गए बयान को लेकर बहुत आलोचना हुई थी। खट्टर ने उस समय कहा था कि -अब हरियाणा के लोग भी कश्मीरी बहू ला सकते हैं। आजकल लोग कह रहे हैं कि कश्मीर का रास्ता साफ़ हो गया है। अब हम कश्मीर से लड़कियां लाएंगे। खट्टर के इस बयान की चौतरफ़ा निंदा की गयी थी तथा दिल्ली महिला आयोग ने खट्टर को नोटिस तक भेज दिया था। यहां भी इस महान दार्शनिक के 5 एस के सिद्धांत में कश्मीरी लड़कियों के स्वावलंबन,सुरक्षा और स्वाभिमान चिंतनीय हैं । 5 एस के सिद्धांत के इन्हीं प्रणेता मनोहर लाल खट्टर ने किसान आंदोलन के दौरान चंडीगढ़ में इकट्ठा सत्ता के पक्ष के मुट्ठी भर किसानों को आंदोलनकारी किसानों के विरुद्ध उकसाते हुये कहा था कि-अपने-अपने इलाक़े के एक हज़ार लोग लट्ठ लेकर निकलें और आंदोलन कर रहे किसानों का इलाज करें। आगे उन्होंने यह भी कहा कि उग्र किसानों का जवाब दो। दो-चार महीने जेल में रह जाओगे तो बड़े नेता बन जाओगे। उन्होंने लोगों को भड़काते हुये यह भी कहा कि ज़मानत की परवाह न करो। तुम्हारा कुछ नहीं होगा,बल्कि दो चार महीने जेल में रहोगे और आकर बड़े नेता बन जाओगे। दूसरी तरफ़ यही खट्टर साहब लोगों को सुरक्षा और स्वाभिमान के सिद्धांत पर चलते हुये आगे बढ़ने की सीख देते हैं?

अब ज़रा भारतीय जनता पार्टी के महासचिव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर नज़रें गड़ाये बैठे कैलाश विजयवर्गीय के प्रवचन भी सुन लीजिये। आप फ़रमाते हैं कि - ''मैं रात में जब (बाहर) निकलता हूं और पढ़े-लिखे नौजवानों और बच्चों को (नशे में) झूमते हुए देखता हूं, तो सच में ऐसी इच्छा होती है कि (गाड़ी से) उतरकर इनको पांच-सात लगाकर नशा उतार दूं। एक अन्य कार्यक्रम में इन्हीं संस्कारी महासचिव महोदय ने कहा, कि ''हम महिलाओं को देवी बोलते हैं, लेकिन लड़कियां भी इतने गंदे कपड़े पहनकर निकलती हैं कि उनमें देवी का स्वरूप ही नहीं दिखता, बिल्कुल शूर्पणखा लगती हैं..सच में। भगवान ने इतना अच्छा और सुंदर शरीर दिया है..तुम ज़रा अच्छे कपड़े पहनो यार।'' विजयवर्गीय ने अपने प्रवचन में यह भी कहा कि ''मैं तो दादा-दादी, मां-बाप सबसे कहता हूं कि शिक्षा जरूरी नहीं है, संस्कार ज़रूरी हैं।'' याद रहे कि पौराणिक ग्रंथ रामायण में लंकापति रावण की बहन को शूर्पणखा के रूप में वर्णित किया गया है और इसी ग्रन्थ के अनुसार भगवान राम के प्रति शूर्पणखा के अमर्यादित आचरण के कारण राम के भाई लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काट दी थी। ज़रा सोचिये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ने व पढ़ाने वाले इन नेताओं को नारी शक्ति शूर्पणखायें नज़र आती हैं? इन्हीं के संस्कारी बेटे विधायक आकाश विजय वर्गीय ने जून 2019 में भोपाल के एक निगम अधिकारी की बल्ले से पिटाई कर दी थी। और अपने इस आपराधिक कारनामे पर उन्होंने गर्व से यह डायलॉग भी सुनाया था -पहले आवेदन, फिर निवेदन और फिर दे दनादन के तहत कार्रवाई की जाएगी। यानी आगे के लिये भी अधिकारियों को चेतावनी दी थी। इस आपराधिक कृत्य में विधायक जी जेल भी गये थे।


इसी तरह मार्च 2021 में उत्तरांचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री तीर्थ सिंह रावत ने एक विवादित बयान देते हुये कहा था कि - एक तरफ़ जहां पश्चिम के देश भारत के योग और अपने तन को ढकने की परंपरा को देखते हैं, वहीं हम नग्नता के पीछे भागते हैं. रावत ने कहा था कि , क़ैंची से संस्कार- घुटने दिखाना, फटी हुई डेनिम पहनना और अमीर बच्चों जैसे दिखना- ये सारे मूल्य बच्चों को सिखाए जा रहे हैं। अगर घर से नहीं आ रहा है, तो कहां से आ रहा है? इसमें स्कूल और टीचरों की क्या ग़लती है? हम फटी हुई जींस में, घुटना दिखा रहे अपने बेटे को लेकर कहां जा रहे हैं ? लड़कियां भी कम नहीं हैं, घुटने दिखा रही हैं, क्या ये अच्छी बात है? उसके बाद उन्हीं के मंत्रिमंडल के सहयोगी गणेश जोशी ने तो यहाँ तक कहा था कि -महिलाओं को अच्छे बच्चे पालने-पोसने पर ध्यान देना चाहिए। महिलाएं बात करती हैं कि वो जीवन में क्या-क्या करना चाहती हैं लेकिन उनके लिए सबसे जरूरी है कि वो अपने परिवार और अपने बच्चों का ख़याल रखें.। फटी हुई जीन निश्चित रूप से हर एक को नहीं भाती,परन्तु जिन्हें यह फ़ैशन पसंद है उन्हें टोकने झाँकने का अधिकार भी किसी को नहीं न ही शूर्पणखा का सर्टीफ़िकेट देने का। रहा सवाल महिलाओं को परिवार और अपने बच्चों का ख़याल रखने की सलाह का तो इस विषय पर तालिबानी सोच और इन तथाकथित संस्कारियों की सोच में अंतर ही क्या है ?

कभी बिहार के मुख्यमंत्री फ़रमाते हैं कि 'जो पीएगा वो मरेगा' तो कभी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि '10 मार्च (चुनाव तिथि ) के बाद सारी गर्मी शांत करवा देंगे'। कभी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा राहुल गांधी की बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर उनकी तुलना सद्दाम हुसैन से करने लगते हैं। तो कभी किसी नेता का खून खौलने लगता है तो कभी सत्ता में आने पर अपराधियों को उल्टा लटकाने की धमकी दी जाती है तो कभी मिट्टी में मिलाने की भाषा इस्तेमाल होती है। अभी पिछले दिनों एक केंद्रीय मंत्री ने तो चयनित आई ए एस अधिकारियों को डकैत तक कह डाला। इस तरह की भाषा सुनकर तो यही लगता है कि भले ही इनके पास पद ज़िम्मेदाराना क्यों न हों परन्तु इनके बोल जाहिलाना ही हैं।

कभी बिहार के मुख्यमंत्री फ़रमाते हैं कि 'जो पीएगा वो मरेगा' तो कभी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि '10 मार्च (चुनाव तिथि ) के बाद सारी गर्मी शांत करवा देंगे'। कभी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा राहुल गांधी की बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर उनकी तुलना सद्दाम हुसैन से करने लगते हैं। तो कभी किसी नेता का खून खौलने लगता है तो कभी सत्ता में आने पर अपराधियों को उल्टा लटकाने की धमकी दी जाती है तो कभी मिट्टी में मिलाने की भाषा इस्तेमाल होती है। अभी पिछले दिनों एक केंद्रीय मंत्री ने तो चयनित आई ए एस अधिकारियों को डकैत तक कह डाला। इस तरह की भाषा सुनकर तो यही लगता है कि भले ही इनके पास पद ज़िम्मेदाराना क्यों न हों परन्तु इनके बोल जाहिलाना ही हैं।

## विचार-मंथन

# वैचारिक मतभिन्नता का वीभत्स रूप



सनत जैन

वैचारिक मतभेद का वीभत्स रूप भारत के घर-घर में देखने को मिल रहा है। वैचारिक मतभेद अब हिंसा के रूप में बदल रहा है। पहले धार्मिक आधार पर वैचारिक मतभेद को हिंसा का वातावरण बनाया गया। अब यह किसी भी विषय में मतभेद होने पर लोग हिंसा पर उतारू होने लगे हैं। पहली बार भारत में इसका वीभत्स रूप देखने को मिल रहा है। धार्मिक और राजनीतिक आधार की मत भिन्नता के बाद भी हम हजारों सालों से शांतिपूर्वक रहते आए हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमारी सामाजिक एवं व्यक्तिगत संवेदनशीलता पूरी तरह से खत्म होती जा रही है। धार्मिक एवं राजनीतिक आधार पर मत भिन्नता को लेकर जो हिंसक घटनायें सामने आ रही थीं, अब उसका परिणाम घर-घर में दिखने लगा है। अब हर व्यक्ति की आदत पड़ती जा रही है, कि लोग उसके हिसाब से कार्य करें। जब तक यह स्थिति राजनीतिक और धार्मिक आधार पर थी, तब तक इसका बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ा था। अब यह फर्क घर-घर में देखने को मिलने लगा है। लोग अपनी जिम्मेदारियां भूल कर घर और परिवार में भी अपने विचारों के अनुसार सारे लोगों को चलाना चाहते हैं। जिसके कारण घर घर में झगड़े होना शुरु हो गए हैं।

पिछले एक दशक में जिस तरह से लोगों की आक्रामकता बड़ी है। उसके कारण अब मनोविशेषज्ञों को भी चिंता होने लगी है। घर के लोग परेशान होने लगे हैं। पारिवारिक रिश्ते में तल्खी आने लगी है। परिवारों में भी हिंसक होने की घटनाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। मनोचिकित्सकों के पास पत्नियां अपने पति और बच्चों को लेकर पहुंच रही हैं। उनके पति और बच्चे पिछले कुछ वर्षों में बड़ी तेजी से धार्मिक हो रहे हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों के स्थान पर उनका ज्यादा समय धार्मिक गुरुओं, मोटिवेशनल स्पीकर एवं उत्तेजक राजनेताओं के वीडियो देखने के आदी हो गए हैं। वह आक्रामक भी हो रहे हैं। कोविड के बाद यह मामले तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। बिना कुछ किए बहुत कुछ पाने की लालसा हमें आत्मनिर्भर की जगह दूसरों के ऊपर आश्रित रहने की प्रवृत्ति को बढ़ा रही है। इसमें सबसे सबसे बड़ी भूमिका धार्मिक आधार देवी-देवताओं, राजनेताओं, सरकारों पर आश्रित हो जाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इस कारण सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों से लोग दूर होते जा रहे हैं। लोग भगवान भरोसे अथवा सरकार के भरोसे रहने के आदी होते जा रहे हैं। इसका असर पढ़ने वाले बच्चों पर भी पड़ रहा है। हर बात के लिए भगवान और सरकार के सामने गुहार लगाकर, यह मान लेते हैं कि हम जो कर सकते थे, वह कर लिया। जिसके कारण अब परिवारों में बिघटन की स्थिति दिखने लगी है। पति-पत्नी और बच्चों के रिश्ते खराब हो रहे हैं। घर का मुखिया असंवेदनशील होकर धार्मिक आधार पर समर्पित हो गया है। वह अपनी जिम्मेदारियों को भूलता जा रहा है। मनो-चिकित्सकों के पास इस तरह के मरीज आ रहे हैं। जो अपना अधिकांश समय टेलीविजन और मोबाइल पर धार्मिक डिबेट, मोटिवेशनल डिबेट और इंटरनेट की आभासी दुनिया से जुड़कर सपनों में खोए रहते हैं। वह अपनी बेरोजगारी और व्यवसाय की असफलता से हतोत्साहित होकर भगवान और सरकार के भरोसे बैठने के लिए आदी हो रहे हैं। उनका व्यवहार बदल रहा है। परिवार के आर्थिक और सामाजिक रिश्ते बिगड़ रहे हैं। पति पत्नी और बच्चों के संबंधों में भी इसका असर देखा जा रहा है। हर जगह असंवेदनशीलता और उग्रता बढ़ रही है। डर भय और लालच बढ़ता जा रहा है। कोई भी व्यक्ति एक दूसरे के विचार का सम्मान करने के लिए तैयार नहीं है। मनो चिकित्सकों के अनुसार हर व्यक्ति अपने विचारों के अनुसार चलाने की जो प्रवृत्ति समाज एवं परिवार में बन रही है। उसके कारण सारी समस्याएं खड़ी हो रही है।

राजनीतिक एवं धार्मिक आधार पर पिछले एक दशक में बड़ी तेजी के साथ वैचारिक हिंसा बढ़ी है। विचारधारा के आधार पर लोग हिंसक होने लगे हैं। समान विचारधारा नहीं होने पर लोग हिंसक होकर उसका विरोध करने लगते हैं। जिसके कारण इसका असर प्रत्येक परिवार में पड़ता हुआ दिख रहा है। जिस तरह से भारत में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से लोगों को गुजारना पड़ रहा है। उसके कारण यह तनाव और भी ज्यादा बढ़ रहा है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान मोबाइल के कारण हो रहा है। मोबाइल और इंटरनेट के जरिए सारी जानकारी और सूचनाएं मोबाइल पर आ रही हैं। लोग अपना काम धाम छोड़कर सबसे ज्यादा समय मोबाइल पर बिता रहे हैं। काम करने और सोचने की प्रवृत्ति बड़ी तेजी के साथ खत्म हो रही है। जो मोबाइल पर देखते और सुनते हैं। उसके अनुसार उनकी प्रवृत्ति बनना शुरू हो जाती है। मोबाइल एडिक्शन के साथ-साथ अब विचारों का एडिक्शन भी भारतीय परिवारों को तेजी के साथ तनाव और हिंसा की ओर ले जा रहा है। सामाजिक प्रेम की जगह सामाजिक एवं पारिवारिक विद्वेष हर परिवार में देखने को मिल रहा है। व्यक्ति का स्वयं का अहं शिखर पर आ गया है। जिसके कारण भारतीय समाज उत्तेजित होता जा रहा है। परिवार और समाज में दायित्व और प्रेम खत्म हो रहा है, यह कोई अच्छी स्थिति नहीं है। जहां प्रेम होगा, वहीं विकास हो सकता है। जहां हिंसा होगी, वहां विध्वंस होना तय है। यह सभी को समझना होगा।

## मुद्दा

# जेल में भी जिंदगी से जद्दोजहद



सुशील देव

एक तो जेल । उसके अंदर भी परेशानी। देश में ज्यादातर जेलों की हालत खराब है। कुछ तो बेहतर हालत में हैं, मगर अधिकांश जेलों में क्षमता से अधिक कैदी भरे हुए हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि भीड़-भाड़ वाले जेलों में कैदियों की हालत क्या होती होगी? किस तरह से उन्हें शौच-पेशाब, नहाना-खाना या सोने-बैठने में दिक्कत आती होगी। मीडिया के जरिए समय-समय पर जेलों की ऐसी व्यथा-कथा बाहर आती रहती है। मगर इसे लेकर न तो जेल प्रशासन और न ही सरकार के स्तर पर किसी प्रकार की गंभीरता देखी जाती है। सनद रहे कि सर्वोच्च अदालत तक चिंता जता चुकी है कि जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखना मानवाधिकार का उल्लंघन है।

विशेषज्ञों के मुताबिक खास तौर पर विचाराधीन कैदियों का लंबे समय तक जेलों में बने रहना चिंता का विषय है। 1970 में राष्ट्रीय जेल जनगणना से पता चला था कि जेल के 52 फीसद कैदी मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहे थे। तब से धीरे-धीरे यह सिलसिला आगे ही बढ़ रहा है। यानी जेल में भीड़-भाड़ को कम करना है तो विचाराधीन कैदियों की संख्या को काफी कम करना होगा। भले ही यह अदालतों के बिना संभव नहीं, परंतु इस दिशा में न्याय प्रणाली के तीनों अंगों को सामंजस्यपूर्ण ढंग से कार्य करना चाहिए। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लोक सभा में जानकारी दी है कि देश भर की जेलों में बंद 1400 से अधिक कैदी अपनी सजा काटने के बाद जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं कर पाने की वजह से अभी भी जेलों में बंद हैं। इनकी रिहाई समय से हो जाती तो शायद जेलों का भार कम होता।

गौरतलब है कि जेलों में कैदियों को क्षमता से ज्यादा रखने के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है। यहां कैदियों की संख्या लगभग दोगुना है। दूसरे नंबर पर बिहार और तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र की जेलें हैं। इन जेलों में कैदियों का बहुत बुरा हाल है। इसके अलावा क्षमता से अधिक कैदी रखने वाले राज्यों में असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं। मतलब साफ है कि कैदियों को जेलों में रखने में असंतुलन बड़े राज्यों में ज्यादा है। अगर हम दिल्ली के तिहाड़ की एक जेल, नंबर-4 की बात करें तो वहां 740 की जगह 3700 से अधिक कैदी बंद हैं। यहां नहाने-धोने या टॉयलेट जाने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है। कई बार आपसी लड़ाई-झगड़े के कारण जेल प्रशासन को बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। उन पर नजर रखने में संघर्ष करना पड़ता है। दूसरी ओर कोरोना जैसी महामारी भी कई जेलों के लिए चिंता का सबब बन गई थी।

एशिया की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ में 80 प्रतिशत ऐसे कैदी हैं, जिन्हें अदालत से जमानत मिलने के बाद भी सलाखों के पीछे रहना पड़ रहा है। उनके पास जुर्माना के राशि चुकाने तक के पैसे नहीं। इस प्रकार दिल्ली में कुल 16 जेल हैं, जो करीब-करीब क्षमता से अधिक कैदियों से भरे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्डस ब्यूरो यानी एनसीआरबी के मुताबिक देश में कुल 1412 जेलों में अपने निर्धारित क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। इसमें साल-दर-साल बढ़ोतरी ही होती जा रही है, जबकि जेलों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है। सर्वोच्च अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रामना के मुताबिक आज आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रक्रिया ही सजा बन गई है। इस वजह से भी जेलों में कैदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसलिए अंधाधुंध गिरफ्तारी से लेकर जमानत हासिल करने में आ रही मुश्किलों के कारण विचाराधीन कैदियों को लंबे समय तक कैद में रखने की प्रक्रिया पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। अंडर ट्रायल के तौर पर कैदियों का सालों से बंद रहना उचित नहीं है। फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना व खुली जेल बनाना इसके उपाय हो सकते हैं। इसके अलावा कई न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाने की जरूरत है। दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में भारतीय जेलों में कैदियों की अपेक्षाकृत कम संख्या होने के बावजूद कई समस्याएं हैं। भीड़-भाड़, अंडर-ट्रायल, कैदियों की लंबे समय तक हिरासत, असंतोषजनक रहने की स्थिति, उपचार कार्यक्रमों की कमी और जेल कर्मचारियों के उदासीनता के कारण असंतुलन की स्थिति है। यहां तक कि अमानवीय नजरिए ने आलोचकों का ध्यान खींचा है। भारत में जेलों की स्थिति के बारे में देश के बाहर भी अच्छी छवि नहीं है। कुल मिलाकर देश के जेलों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। ऐसे में सरकार को जेलों के प्रति अधिक से अधिक संवेदनशील होना चाहिए। क्योंकि जो व्यक्ति अपराधी के रूप में कैद हैं, वह एक जीवित इंसान भी हैं, जिन्हें पूर्ण रूप से और सम्मान से जीने का अधिकार है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस मुद्दे पर अपना मत जता चुकी हैं कि जेलों में बहुत से लोगों को ना तो अपने मौलिक अधिकारों या कर्तव्यों के बारे में पता है, और ना ही संविधान की प्रस्तावना के बारे में जानकारी। बाहर आने पर समाज द्वारा बुरे बर्ताव की चिंता उन्हें अलग सताती है। इसलिए जेलों की बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ पुनर्वास संबंधी उपयोगी कदम उठाना श्रेयस्कर होगा।

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना - रातू, जिला - रांची, झारखंड, पिन - 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक - **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच रोमांचक मुकाबले के आसार

**मोहाली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस की टीम गुरुवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से एक बार फिर जीत की राह पर आने के इरादे से उतरेगी। गुजरात का प्रयास इस मैच में जीत हासिल कर पिछले मैच में केकेआर टीम के रिंकू सिंह की तूफानी पारी के कारण मिली हार के सदमे से उबरना रहेगा। केकेआर के खिलाफ पिछले मैच में अंतिम ओवर के कारण ही गुजरात को हार झेलनी पड़ी थी। उस मैच में रिंकू ने अंतिम ओवर में पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। केकेआर के खिलाफ गुजरात टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा था। उस मैच में कप्तानी कर रहे राशिद खान ने हैट्रिक ली थी। इसके अलावा उसके बल्लेबाजों साइ सुदर्शन और विजय शंकर सहित सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी टीम को रिंकू की असाधारण पारी के कारण हार मिली थी। इस मैच में नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या की वापसी से टीम का मनोबल बढ़ेगा। पिछले मैच में हार्दिक फिट नहीं होने के कारण शामिल नहीं थे। इस मैच में गुजरात की राह आसान नहीं है क्योंकि पंजाब की टीम अपने घरेलू मैदान में उतरेगी। उसके कप्तान शिखर धवन भी अभी शानदार फार्म में हैं।

ऐसे में तीन मैचों में चार अंक लेकर अंकतालिका में चौथे स्थान पर कायम गुजरात को पंजाब के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। गुजरात के पास बल्लेबाजी में शुभमन गिल, सुदर्शन और शंकर जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। विजयशंकर ने पिछले मैच में 24 गेंद में 63 रन बनाए थे। वहीं गेंदबाजी में मोहम्मद शमी, जोश लिटिल, अलजारी जोसेफ और स्पिनर राशिद हैं।

अब तक आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आठ विकेट से मिली हार को छोड़ दें तो पंजाब ने अन्य मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी अच्छी लय में हैं जिनका सामना करना गुजराज के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। कप्तान धवन इस मैच में भी अधिक से अधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप के साथ ही टीम इंडिया के लिए अपनी दावेदारी बनाये रखना चाहेंगे। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 86 और केकेआर के खिलाफ 40 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

धवन और उनके युवा सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह ने पावरप्ले के ओवरों में पंजाब को अब तक अच्छी शुरूआत दी है और अब गुजरात के गेंदबाजों मोहम्मद शमी, हार्दिक व राशिद के खिलाफ भी वे इसी रणनीति से उतरेंगे। पंजाब के पास आईपीएल के सबसे महंगे स्टार खिलाड़ी सैम कुरेन के अलावा लियाम लिविंगस्टोन भी हैं। वहीं गेंदबाजी में अर्शदीप के अलावा नाथन एलिस जैसे खिलाड़ी हैं।



**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**गुजरात टाइटंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुभमन गिल, साई सुदर्शन, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, मोहम्मद शमी, जोशुआ लिटिल, यश दयाल, अल्जारी जोसेफ।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शाहरुख खान, सैम कर्रन, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, कागिसो रबाडा, अर्शदीप सिंह।

# गेंदबाजों को बार-बार चोट लगना 'अवास्तविक' और 'हास्यास्पद' है : शास्त्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने वरिष्ठ भारतीय गेंदबाजों को बार-बार लगने वाली चोटों पर निराशा जताते हुए कहा है कि किसी खिलाड़ी का इतनी आसानी से चोटग्रस्त होना 'अवास्तविक' और 'हास्यास्पद' है। शास्त्री ने यह टिप्पणी दीपक चाहर की नवीनतम चोट पर चर्चा के दौरान की। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले चाहर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सिर्फ एक ओवर फेंककर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैच से बाहर हो गए थे।

शास्त्री ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सुपर किंग्स के घरेलू मैच से पहले ईएसपीएन क्रिकइंफो के एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले तीन या चार वर्षों में काफी खिलाड़ी ऐसे हैं जो एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के स्थायी निवासी बन गये हैं। जल्द ही, उन्हें वहां किसी भी समय चलने के लिये आवासीय मंजूरी मिल जाएगी, जो बिल्कुल भी अच्छी बात नहीं है। यह अविश्वसनीय है।'

पिछले पांच महीनों में चाहर हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण दूसरी बार अपने चार ओवर पूरे किये बिना एक मैच से बाहर गये हैं। पिछले दिसंबर में मीरपुर में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में चाहर ने तीन ओवर फेंकने के बाद मैदान छोड़ दिया था। इसके बाद वह बेंगलुरु में एनसीए में लौट आए, जहां उन्होंने लगभग अपना पूरा 2022 गुजारा था। चाहर एकमात्र ऐसे भारतीय तेज गेंदबाज नहीं हैं जिन्हें बार-बार चोट लगने के कारण लंबे समय तक दरकिनार किया गया। जसप्रीत बुमराह, नवदीप सैनी, कुलदीप सेन, मोहसिन खान और यश दयाल सभी हाल-फिलहाल में अलग-अलग समय पर क्रिकेट से दूर हुए हैं। शीर्ष भारतीय गेंदबाज बुमराह ने हाल ही में पीठ की सर्जरी भी करवाई है।

# वनडे विश्व कप में श्रीलंका सीधा क्वालिफाई करने में रही नाकाम, क्रिकेट बोर्ड ने उठाया बड़ा कदम




**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खेल मंत्री ने पूर्व दिग्गज सनथ जयसूर्या की अध्यक्षता में वनडे विश्व कप के लिए क्रिकेट टीम के सीधे क्वालिफिकेशन हासिल नहीं करने के कारणों की जांच के लिए एक तकनीकी समिति का गठन किया है। पिछले महीने हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में मिली हार के बाद श्रीलंका आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रहा।

टीम तीन मैचों की श्रृंखला को 0-2 से हार गई थी खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने पिछले सप्ताह पूर्व दिग्गज सनथ जयसूर्या की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति नियुक्त की थी। इसमें तीन अन्य पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। मंगलवार को समिति की पहली बैठक हुई। श्रीलंका की क्रिकेट टीम 1996 में खिताब जीतने के अलावा दो बार फाइनल विश्व कप के फाइनल में पहुंची है, लेकिन यह पहली बार है जब टीम इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए सीधा क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रही।

टीम को 1996 में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले हरफनमौला जयसूर्या ने कहा, ''हम टीम के कोचिंग दल से स्वत- क्वालीफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहने के कारणों के बारे में पूछेंगे। हम उन से चीजों को सुधारने के लिए एक अल्पकालिक योजना की मांग करेंगे। ये खिलाड़ियों का एक प्रतिभाशाली समूह है और उन्हें आत्मविश्वास देने की जरूरत है।÷ श्रीलंका 18 जून से नौ जुलाई तक जिम्बाब्वे में होने वाले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन अक्टूबर नवंबर में होगा।

# आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग : शीर्ष स्थान के लिए तेज हुई जंग, सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर कामय

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 अंतराष्ट्रीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान के लिए जंग तेज हो गई है क्योंकि सूर्यकुमार यादव ने अपना नंबर बरकरार रखा है। नंबर 1 की स्थिति और पाकिस्तान की जोड़ी मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को कार्यवाही के शीर्ष पर भारतीय बल्लेबाज को पछाड़ने का मौका मिल सकता है।

जहां सूर्यकुमार वर्तमान में 906 रेटिंग अंकों के साथ बल्लेबाजों की टी20आई रैंकिंग में शीर्ष पर हैं वहीं रिजवान 811 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। आईसीसी द्वारा बुधवार को अपडेट की गई रैंकिंग में बाबर 755 अंकों के साथ एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बाबर के बाद इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्करम और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे क्रमश- चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

बाबर और रिजवान दोनों ही बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान की हालिया टी20आई श्रृंखला से बाहर हो गए। यह श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड की श्रृंखला से डेवोन कॉनवे की अनुपस्थिति थी, जिसके कारण पाकिस्तान के कप्तान रैंकिंग के नवीनतम सेट पर एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर आ गए। इस जोड़ी को सूर्यकुमार पर पैठ बनाने का एक और मौका मिलेगा जब पाकिस्तान शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पांच मैचों की टी20 सीरीज शुरू करेगा।



न्यूजीलैंड और श्रीलंका के कई खिलाड़ी जिन्होंने हाल ही में समाप्त हुई टी20आई श्रृंखला में भाग लिया, उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। श्रीलंका के कुसल मेंडिस (11 पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के टिम सीफर्ट (शीर्ष 100 से बाहर से 36वें स्थान पर) बल्लेबाजों के लिए टी20 रैंकिंग के नवीनतम सेट पर अन्य बड़े विजेता थे।

श्रृंखला के पहले मैच में श्रीलंका के लिए मैच विजेता रहे युवा स्पिनर महेश तीक्शाना सबसे बड़े आकर्षण हैं क्योंकि 22 वर्षीय गेंदबाज करियर की उच्च रेटिंग और रैंकिंग में पांचवें स्थान के बराबर पहुंच गए हैं। उनके साथी वानिन्दु हसरंगा श्रृंखला के दौरान महंगे साबित हुए थे और टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में विधिवत रूप से दो स्थान गिरकर चौथे स्थान पर आ गए जिसके परिणामस्वरूप अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी (दूसरे) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (तीसरे) दोनों एक स्थान ऊपर आ गए हैं। टी20आई गेंदबाज रैंकिंग में शीर्ष दो में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान फारूकी से आगे हैं जो शीर्ष स्थान के लिए कड़ी दौड़ में है।

# आईपीएल में सबसे अधिक बार शून्य पर आउट हुए हैं मनदीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के मैच में दोनों ही टीमों का एक-एक बल्लेबाज शून्य पर आउट हुआ। इस मैच में दिल्ली के कुलदीप यादव और मुंबई के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अपना खाता तक नहीं खोल पाये। वहीं टीम इंडिया से जुड़े मनदीप सिंह टी20 लीग में सबसे अधिक बार शून्य पर ही आउट हुए हैं।

आईपीएल में सूर्या अब तक विफल रहे हैं। इस सत्र के पिछले 2 मैच में भी वे आरसीबी के खिलाफ 15 और सीएसके के खिलाफ एक रन ही बना पाये। आईपीएल के आंकड़ों की बात करें तो सूर्या अब तक सात बार शून्य पर आउट हुए हैं। वहीं सबसे ज्यादा 0 बनाने का रिकॉर्ड मनदीप सिंह के नाम पर है। मनदीप इस टूर्नामेंट में अब तक 15 बार शून्य पर पेवेलियन लौटे हैं। वहीं दूसरे नंबर पर विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और मुंबई इंडियंस के कप्?तान रोहित शर्मा हैं। कार्तिक और रोहित दोनों ही 14-14 बार 0 पर आउट हुए हैं।

# पीएमके विधायक ने की सीएसके पर प्रतिबंध की मांग

चेन्नई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबलों के बीच में तमिननाडु में पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के एक विधायक एस पी वेंकटेश्वर ने अजीब सी मांग करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार चेन्नई सुपर लीग (सीएसके) टीम पर प्रतिबंध लगाए। वेंकटेश्वर के अनुसार इस टीम में जब राज्य का कोई भी खिलाड़ी नहीं है तो यह कैसे सीएसके नाम से खेल रही है। इस नेता ने विधानसभा में कहा कि राज्य में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं पर सीएसके फ्रैंचाइजी ने अपनी 27 सदस्यीय टीम में एक भी खिलाड़ी को जगह नहीं दी है।

उन्होंने कहा कि सीएसके के नाम का इस्तेमाल कर फ्रैंचाइजी जमकर राजस्व कमा रही है पर उससे तमिलनाडु के खिलाड़ियों को कोई लाभ नहीं हुआ है। गौरतलब है कि पीएमके समय समय पर तमिलों से सम्बंधित मुद्दों को उठाती रहती है। वेंकटेश्वरन का यह बयान भी इसी को जोड़कर देखा जा रहा है। महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स 4 बार चैंपियन रही है। धोनी को उनके चाहने वाले प्यार से थाला कहते हैं तो इस बात की पूरी संभावना है कि वह इस सत्र के बाद संन्यास ले लेंगे।

# दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एनरिच नार्जे ने खेला 100 वां टी20 मैच

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की ओर से आईपीएल खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एनरिच नार्जे के टी20 क्रिकेट में 100 मैच पूरे हो गये हैं। नार्जे ने मुंबई इंडियंस (एमआई) की ओर से मैच में उतरते ही अपना सौवां मैच खेला। अपने 100वें टी20 मैच में नोर्त्जे ने चार ओवर में 35 रन हालांकि वह कोई विकेट नहीं ले पाए। वह 8.80 की इकॉनमी रेट से आउट हुए। उन्होंने बल्लेबाजी के दौरान भी पांच रन बनाये। 100 टी20 मैचों में नॉर्त्जे ने 19.97 की औसत और 7.38 की इकॉनमी रेट से 134 विकेट लिए हैं। इस प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े दस रन देकर चार विकेट लेना रहा है। उन्होंने 31 टी20 मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है और 7.14 की इकॉनमी रेट से 38 विकेट लिए हैं। अब तक खेले 33 आईपीएल मैचों में उन्होंने 22.98 की औसत और 8.23 की इकॉनमी रेट से 45 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका तीन विकेट पर 33 रन सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। डीसी के लिए उनका सबसे अच्छा सीजन 2020 का था जिसमें उन्होंने 16 मैचों में 23.27 के औसत और 8.39 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट लिए थे। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज थे और डीसी के उप-विजेता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



# 'अगर मौत आनी है, तो आनी है', भारत के एशिया कप के लिए पाकिस्तान ना जाने पर मियांदाद की तीखी टिप्पणी

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने आगामी एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने पर भारत की आपत्ति पर तीखी टिप्पणी की है। अघोषित रूप से पाकिस्तान को शुरू में टूर्नामेंट के मेजबानी अधिकार मिले, हालांकि संवेदनशील राजनीतिक माहौल के बीच बीसीसीआई ने स्पष्ट रूप से पड़ोसी देश का दौरा करने से इनकार कर दिया है।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राष्ट्रीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी और यह भी कहा कि प्रतियोगिता तटस्थ स्थान पर आयोजित की जा सकती है। हालांकि नई रिपोर्ट्स के अनुसार पीसीबी ने एसीसी से भारत के मैचों को छोड़कर पाकिस्तान में खेलों की मेजबानी करने का आग्रह किया जो तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जा सकता है। इस विवाद के बीच कई पूर्व क्रिकेटरों ने अपना पक्ष रखा है जिसमें जावेद मियांदाद भी शामिल हो गए हैं।



मियांदाद ने एक पोडकास्ट में कहा, 'सुरक्षा को भूल जाइए। हम मानते हैं कि अगर मौत आनी है, तो आनी है। जिंदगी और मौत तो अल्लाह के हाथ में है।' अगर वे आज हमें बुलाएंगे, तो हम जाएंगे। लेकिन उन्हें भी लौट जाना चाहिए। बात पिछली बार की है लेकिन वे तब से यहां नहीं आए। अब उनकी बारी है।'

जहां एशिया कप के मेजबानी अधिकार को लेकर काफी विवाद है, वहीं आगामी वनडे विश्व कप के बारे में भी काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। पीसीबी ने भी धमकी दी थी कि अगर भारत ने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया तो वह मेगा वनडे प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगा। हालांकि टीम पाकिस्तान के भारत में अक्टूबर-नवंबर में आयोजित होने वाले मार्की इवेंट में भाग लेने की संभावना है और कोलकाता में प्रतिष्ठित ईडन गार्डन और चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच हाई-वोल्टेज स्थिरता की मेजबानी करने के लिए चुने गए दो स्थान हैं। लेकिन दोनों क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इस संबंध में अपना आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# पूरे 22 लाख रुपये में बिके हैं ये खास जूते, बॉस्केट बॉल के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी से है जूतों का ताल्लुक




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अमेरिका के बास्केट बॉल के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी माइकल जॉर्डन के जूतों को सर्वाधिक दामों में बेचा गया है। इन जूतों को 11 अप्रैल को 22 लाख डॉलर में बेचा गया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इतनी अधिक कीमत पर अब तक कोई जूता नहीं बिका है। माइकल जॉर्डन के इन जूतों को पहनकर खेल भी चुके है।

जानकारी के मुताबिक ये जूते बेहद एतिहासिक है। इन जूतों को पहनकर साल 1998 के ह्क्क फाइनल (बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप) के दौरान वो कोर्ट में उतरे थे। बता दें कि ये मुकाबला बेहद खास था क्योंकि ये एनबीए चैंपियनशिप का मुकाबला उनका छठा और अंतिम चैंपियनशिप खिताब का मुकाबला था।

बता दें कि एयर जॉर्डन 13 स्नीकर्स ने अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस संबंध में नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने जानकारी दी है कि वर्ष 1998 में माइकल ने एयर जॉर्डन 13 स्नीकर्स पहने थे जिन्हें हाल ही में 22 लाख डॉलर में बेचा गया है। इतनी अधिक कीमत पर बिकने वाला ये अपने आप में अनोखा रिकॉर्ड है।

इस संबंध में सोथबी ने कहा कि ये रिकॉर्ड काफी बड़ा है। इससे साफ है कि माइकल जॉर्डन स्पोर्ट्स मेमोरेबिलिया की मांग बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी अपेक्षाओं को पार कर रही है। बता दें कि इससे पहले सितंबर 2021 में 15 लाख रुपये में जूते बेचने का रिकॉर्ड बना था, जो अब टूट चुका है। इस संबंध में निलामी कंपनी सोथबी के कार्यकारी अधिकारी और संस्थापक गेरोप सैप ने कहा कि ये नया रिकॉर्ड है जो कि स्नीकर्स के इतिहास को और अधिक शक्तिशाली बनाता है। उन्होंने कहा कि जॉर्डन दुनिया भर में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले स्नीकर्स में शुमार है। इसने स्नीकर्स उद्योग के लिए खास बाजार तैयार किया था। वर्तमान में यह सबसे मूल्यवान स्नीकर्स के लिए बाजार तैयार कर रहे हैं।'

# बीसीसीआई ने विश्वकप के लिए रखे 12 मैच स्थल

## -पाक को पसंदीदा मैच स्थल मिलने की संभावना नहीं

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस साल अपनी धरती पर होने वाले एकदिवसीया विश्वकप के लिए करीब एक दर्जन स्थल तैयार किये हैं। विश्वकप में दस टीमें भाग लेंगी। माना जा रहा है कि बीसीसीआई पाकिस्तान के सभी मैच कोलकाता और चेन्नई में मैच की मांग भी नहीं मानेगा। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बीसीसीआई से मांग की थी कि उसके सभी मैच कोलकाता और चेन्नई में रखे जायें। वहीं बीसीसीआई ने आईसीसी टूर्नामेंट के लिए 12 स्थलों को अंतिम रुप दिया है। इसमें से हर स्थल पर 4 मुकाबले खेले जाने हैं। पहले पाकिस्तान के विश्वकप कप में भाग लेने पर संदेह जताया जा रहा था पर हाल ही में पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी ने साफ कर दिया था कि उनकी टीम इस आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार पाक टीम को किसी भी स्थल पर खेलना पड़ सकता है और बीसीसीआई उसकी पसंदीदा स्थल की मांग मानने को किसी भी प्रकार तैयार नहीं होगा। बीसीसीआई ने अहमदाबाद के अलावा चेन्नई, बेंगलुरु, दिल्ली, धर्मशाला, गुवाहाटी, हैदराबाद, लखनऊ, इंदौर, राजकोट, मुंबई और कोलकाता को विश्व कप मैच के लिए मैच स्थल के तौर पर रखा है। माना जा रहा है कि, दिल्ली में पाक टीम को अधिक मैच खेलने पड़ सकते हैं। इसमें प्रत्येक टीम को ग्रुप दौर में 9 मुकाबले खेलने हैं और विश्व कप में कुल 48 मुकाबले खेले जाने हैं। पीसीबी सितंबर में एकदिवसीय एशिया कप की मेजबानी कर रहा है और भारत के पाक जाने से इंकार करने के कारण पाक के भी विश्वकप में आने पर संदेश जता या जा रहा था। वहीं अब पीसीबी का कहना है कि उसने मैच स्थल को लेकर कोई मांग नहीं रखी है। वहीं आईसीसी की ओर से भी कहा गया है कि पाक की ओर से किसी खास तरह के स्थल की मांग नहीं की गई है। बीसीसीआई ने पहले ही कह दिया था कि वह किसी तटस्थ स्थल पर मुकाबले नहीं रखेगी।

# आईपीएल में आरसीबी के ये रिकार्ड अब भी हैं बरकरार

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 16 वें सत्र में कई तेज अर्धशतक लगे हैं पर अब तक कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया है। पंजाब किंग्स के शिखर धवन ने एक मैच में नाबाद 99 रन बनाये थे। आईपीएल के आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2013 में चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बनाये करीब 4 रिकॉर्ड 9 सत्र के बाद भी नहीं टूट पाये हैं। ये रिकॉर्ड इस बार भी टूटने की संभावना नजर नहीं आ रही है। यह रिकॉर्ड हैं आईपीएल के एक मैच में सबसे अधिक रन, सबसे अधिक स्कोर, सबसे तेज शतक और सबसे अधिक छक्के लगाने का। आईपीएल 2013 में एक ही मैच में से सभी रिकॉर्ड बने थे। आरसीबी ने तब पुणे वॉरियर्स के खिलाफ ये रिकार्ड बनाये थे। पुणे अब आईपीएल का हिस्सा नहीं है। उस मैच में क्रिस गेल ने 175 रनों की तेज पारी खेली थी। इस मैच में गेल ने टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक भी बनाया था। उन्होंने शतक तक पहुंचने के लिए केवल 30 गेंदें लगी थीं। गेल ने इस पारी में 13 चौके और 17 छक्के लगाए थे। यह आईपीएल में किसी बल्लेबाज के एक पारी में सबसे अधिक छक्के का रिकॉर्ड भी है.

# अंडर-21 महिला हॉकी लीग : सिवाच अकादमी ने एचएआर को हराकर खिताब जीता

लखनऊ । प्रीतम सिवाच फाउंडेशन हॉकी टीम ने खेलो इंडिया अंडर-21 महिला लीग टूर्नामेंट जीता है। फाउंडेशन टीम ने खिताबी मुकाबले में एचएआर हॉकी अकादमी को 2-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस मुकाबले में तन्नु ने पहले क्वार्टर में एक मैदान गोल कर सिवाच टीम को बढ़त दिला दी। वहीं इसके बाद साक्षी राणा ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कार्नर पर एक गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। साक्षी ने सबसे अधिक 8 गोल किये और वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। वहीं एक अन्य मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल ओडिशा ने कांस्य पदक वाले मुकाबले में साई बाल टीम को 3-1 से हराया।

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप : अंतिम पंघाल फाइनल में, अंशु सहित तीन अन्य कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगे




**अस्ताना (एजेंसी)।** भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने जवाबी हमले का शानदार नमूना पेश करते हुए बुधवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 53 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया जबकि अंशु मलिक जापान की साए नैंजो के रक्षण को तोड़ने में नाकाम रही और उन्हें अब कांस्य पदक के लिए भिड़ना होगा। पिछले साल अंडर 20 विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी 18 वर्षीय पंघाल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराया और फाइनल तक की राह में केवल एक अंक गंवाया।

पंघाल ने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की अक्तेंग क्यूनिमजाएवा के खिलाफ चेतावनी मिलने के कारण एक अंक गंवाया लेकिन उन्होंने यहां मुकाबला आसानी से 8-1 से जीता। पंघाल ने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर की सिआओ पिंग एलविना लिम के खिलाफ आसान जीत के साथ की और इसके बाद क्वार्टरफाइनल में चीन की ली डेंग को 6-0 से हराया। स्वर्ण पदक के लिए उनका मुकाबला 2021 की विश्व चैंपियन जापान की अकारी फुजिनामी से होगा जिन्होंने 2020 में सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा शुरू करने के बाद बमुश्किल ही कोई मुकाबला गंवाया होगा।

अंशु मलिक से 57 किग्रा भार वर्ग में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन 2021 की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता यह भारतीय खिलाड़ी मौजूदा अंडर 23 विश्व चैंपियन नैंजो के खिलाफ अंक बनाने के लिए जूझती रही। जापानी पहलवान ने पहले पीरियड में आक्रामकता भी दिखाई जबकि अंशु को निष्क्रिय बने रहने के लिए एक अंक गंवाना पड़ा। नैंजो ने भी दूसरे पीरियड में निष्क्रियता के लिए अंक गंवाया लेकिन इसके बाद वह हावी हो गई और जब रेफरी ने मुकाबला रोका तब जापानी पहलवान 5-1 से आगे थी।

अंशु इस मुकाबले के दौरान चोटिल हो गई थी और अगर वह फिट रहती हैं तो कांस्य पदक के लिए मंगोलिया की एर्डेनेसुवद बैट एर्डीन से भिड़ेंगी। इस बीच मनीषा (65 किग्रा), रीतिका (72 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। सोनम को क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया की ओरखोन प्योरवदोर्ज से हार गई थी लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी ने फाइनल में पहुंचने के बाद इस भारतीय खिलाड़ी को प्रतियोगिता में वापसी करने का मौका मिला। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक छह पदक जीते हैं। इनमें चार पदक ग्रीको रोमन पहलवानों ने जीते हैं। मंगलवार को निशा दहिया (68 किग्रा) ने रजत और प्रिया (76 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता था।



# सिंगर मीका ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार



सिंगर मीका सिंह ने राखी सावंत द्वारा दर्ज छेड़छाड़ की शिकायत को रद्द करने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मीका के वकील का कहना है कि उन्होंने और राखी ने मिलकर सुलह कर ली है, इसलिए इस मामले को अब रद्द करना चाहते हैं। उधर राखी के वकील का कहना है कि वो भी इस मामले को सुलझाना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने इसके लिए एक हलफनामा भी तैयार कराया था। हालांकि अब वो हलफनामा हाईकोर्ट के रजिस्ट्री विभाग में कहीं खो गया है। कोर्ट का निर्देश है कि राखी को अगले हफ्ते तक एक फ्रेश हलफनामा तैयार करना पड़ेगा जिससे कि आगे की कार्यवाही पूरी की जा सके। राखी के वकील आयुष पासबोला ने जस्टिस एएस गडकरी और पीडी नाइक की बेंच के सामने कहा, वो (राखी) अपने प्रोफेशनल वर्क में बिजी हैं, लेकिन दोनों ने ये विवाद सुलझा लिया है। इसलिए उनके द्वारा जो स्न्रढ्ढक्रदर्ज की गई थी, उसे रद्द करने में कोई दिक्कत नहीं है। वहीं मीका सिंह की वकील फाल्गुनी ब्रह्मभट का कहना है कि ये मामला 17 साल से अधर में पड़ा हुआ है। मीका के खिलाफ चार्जशीट भी दायर हो चुकी है, लेकिन आरोप अभी भी तय किए जाने बाकी है। हालांकि दोनों अब दोस्त बन गए हैं, और मुद्दों को सुलझा लिया है। 2006 में मीका सिंह ने अपने जन्मदिन पर राखी को सरेआम किस कर लिया था। इस घटना पर काफी बवाल मचा था। राखी की शिकायत पर मीका पर धारा 354 (छेड़छाड़) और 323 (असॉल्ट) के तहत केस दर्ज किया गया था। इस घटना के बाद मीका लापता हो गए थे। बाद में उन्हें अरेस्ट किया गया फिर जमानत पर छोड़ दिया गया था।

# आलिया भट्ट ने की श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे की सराहना

रानी मुखर्जी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे को अब आलिया भट्ट से तारीफें मिली हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक नोट लिखकर खुलासा किया कि वह अपनी मां सोनी राजदान और बहन के साथ फिल्म देखने के दौरान कैसे रोई थीं। उन्होंने रानी के काम की भी तारीफ की। आलिया ने कहा कि नई मां होने के नाते इस फिल्म ने उन्हें ज्यादा प्रभावित किया। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर एक बच्ची राहा के माता-पिता हैं। मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे आशिमा छिब्बर द्वारा निर्देशित एक माँ की सच्ची कहानी है, जो अपने बच्चों को उससे दूर ले जाने के बाद पूरे देश से लडने के लिए छोड़ दी जाती है। श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे ने 17 मार्च को प्रदर्शित हुई थी। यह फिल्म एक भारतीय जोड़े की कहानी से प्रेरित है, जिनके बच्चों को 2011 में नॉर्वेजियन अधिकारियों ने ले लिया था। आलिया भट्ट ने फिल्म की सराहना की है। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आलिया ने फिल्म को लेकर पोस्ट किया और एक नोट लिखा, जहां उन्होंने बात की कि इसने उन्हें कैसे छुआ। आलिया की पोस्ट में लिखा है- शनिवार की रात मेरी मां और बहन के साथ आंसू में गुजरी जब हमने अपनी पसंदीदा - शानदार रानी मुखर्जी को देखा। श्रीमती चटर्जी बनाम नॉर्वे बताने के लिए एक महत्वपूर्ण कहानी है। मेरे लिए, विशेष रूप से एक नई मां के रूप में, और घर के इतने करीब। रानी मैम - आपके जैसा कोई नहीं है! आपने मुझे ट्रांसफिक्स किया था और मुझे आपकी तरफ से नॉर्वे से भारत पहुँचाया गया था! इस अविश्वसनीय फिल्म के लिए पूरी टीम को बधाई। मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे एक इमोशनल ड्रामा है, जो एक ऐसी मां के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बच्चों की कस्टडी हासिल करने के लिए पूरे देश से भिड़ जाती है। फिल्म के कलाकारों में अनिर्बन भट्टाचार्य और जिम सर्भ भी शामिल हैं। आशिमा छिब्बर द्वारा निर्देशित, यह 17 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म सागरिका चक्रवर्ती की आत्मकथा जिसका शीर्षक द जर्नी ऑफ ए मदर है, जिसके बच्चों को 2011 में नॉर्वेजियन चाइल्डकेयर सिस्टम (बार्नवेर्नेट) द्वारा उनसे दूर ले जाया गया था, पर आधारित है।

# केआरके ने किसी का भाई किसी की जान को रिलीज से पहले ही बताया डिजास्टर



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का ट्रेलर जारी कर दिया गया है. एक तरफ ट्रेलर को अच्छे रिव्यूज मिल रहे तो दूसरी तरफ क्रिटिक कमाल राशिद खान उर्फ केआरके ने इसे लेकर अपनी राय दी है. उन्होंने सलमान की हाइट का मजाक उड़ाया. साथ ही ट्रेलर को भयानक और असहनीय बताया.

**सलमान खान की हाइट का केआरेक ने उड़ाया मजाक**

कमाल रशिद खान उर्फ केआरके अक्सर सलमान खान की फिल्मों का मजाक उड़ाने से पीछे नहीं हटते. इस बार उन्होंने सलमान के जूतों का मजाक उड़ाया. उन्होंने ट्वीट कर लिखा, जब हीरो बटला होता है, तो इतने ऊंचे वाले शूज पहनना मजबूरी हो जाता है. 6 इंच अंदर से और 6 इंच बाहर से. मैंने देशद्रोही में पहने थे. ट्वीट के वायरल होते ही यूजर्स केआरके को ट्रोल करने लगे.

**केआरके ने सलमान की फिल्म का भोजपुरी लहजे में उड़ाया मजाक**

वहीं, केआरके ने सलमान खान की फिल्म का भोजपुरी लहजे में मजाक उड़ाया. उन्होंने ट्वीट कर लिखा, आज मैंने तमिल फिल्म के रीमेक भोजपुरी किसी का हाथ किसी की टांग का ट्रेलर देखा और यह वास्तव में भयानक और असहनीय है. यह फिल्म एक सुनिश्चित डिजास्टर बनेगी. बता दें कि इससे पहले भी केआरके ने ट्वीट कर लिखा था, आज बुढ़ऊ हीरो की भोजपुरी फिल्म किसी का हाथ किसी की टांग का एक और भोजपुरी गाना रिलीज हुआ है! और ये गाना इस बात का सबूत है, कि इस फिल्म को फ्लॉप होने से खुद भगवान भी नहीं बचा सकता!

**किसी का भाई किसी की जान के लिए सलमान खान को मिले 50 करोड़!**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म किसी का भाई किसी की जान में सलमान खान एक अलग लुक और अवतार में दिखे है. लंबे बालों में भाईजान काफी हैंडसम लग रहे है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर ने कथित तौर पर 50 करोड़ रुपये लिए है. वहीं, पूजा हेगड़े ने 5 करोड़ की फीस ली है. जबकि सुपरस्टार राम चरण भी इस फिल्म में कैमियो रोल निभाते दिखेंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने कैमियो के लिए 3 करोड़ लिए है.

# एक्टर के तौर पर मुझे किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया: बॉबी देओल



एक्टर बॉबी देओल ने अपने काम से बॉलीवुड में एक अलग पहचान बनाई है। एक्टर ने 1995 से अपने करियर की शुरुआत की थी। एक्टर को इंडस्ट्री में 28 साल हो चुके हैं। बॉबी ने यहां तक पहुंचने के लिए बेहद संघर्ष किया है। हाल ही में एक्टर ने अपने करियर को लेकर बात की है। बॉबी ने कहा- ऐसे कई पल आए हैं, जब उन्हें यह एहसास हुआ कि स्टारडम लंबे समय नहीं रहता है। मुझे पता था कि अगर मैं गिर गया तो मेरे पेरेंट्स हमेशा मेरे रक्षक होंगे, जो मुझे बचा लेंगे, लेकिन गिरने से दर्द होता है, उन्होंने मुझे कितनी भी हिम्मत दी हो। हालांकि इसके लिए मुझे खुद खड़ा होना पड़ा, कोई आपको बना या बिगाड़ नहीं सकता। स्टारडम ज्यादा नहीं टिकता है। मैं कभी एक स्टार था और यह मर गया और गया गायब हो गया। बॉबी ने आगे कहा- एक एक्टर के तौर पर मुझे किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया। मुझे पता था कि मुझमें पोटेंशियल और काबिलियत है, लेकिन किसी ने मुझे मौका नहीं दिया। मैंने ऐसा काम चुना था जो मेरे लिए काम नहीं करता था, इसलिए चीजें इसके एक दम अलग हो गईं। इसलिए मैंने इस पर काम करने की कोशिश की और एक एक्टर के रूप में खुद पर काम करना शुरू किया। इसके अलावा बॉबी ने कहा- एक समाज में हर कोई स्वीकार किए जाने और समझे जाने के मुद्दे से गुजरता है। सभी जानते हैं कि इंसान काफी स्वार्थी होते हैं। एक टाइम ऐसा आता है कि जब हर कोई आपको चाहता है और एक समय ऐसा भी आता है, जब आपको कोई भी नहीं चाहता है। मैं इन हालातों से गुजरा हूं, मैं हार गया था, लेकिन मैं वापस से खड़ा हुआ मैंने वापस से लड़ाई लड़ी और मुझे एहसास हुआ कि मुझे उन्हें यह साबित करना है कि उन्हें मेरी जरूरत है।

# मुझे जिंदगी ने सबक सिखाया है - सामंथा



हाल ही में सामंथा रूथ प्रभु ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'शाकुंतलम' के बारे में मीडिया से बात की। फिल्म के प्रमोशन इवेंट के दौरान सामंथा ने बताया कि उन्होंने अपनी जिंदगी से काफी कुछ सीखा है और ऐसा कुछ नहीं है जो वो बदलना चाहती हैं। दरअसल, 'शाकुंतलम' फिल्म में राजा दुष्यंत का करैक्टर कुछ समय के लिए शकुंतला को भूल जाता है। इवेंट के दौरान सामंथा से पूछा गया कि फिल्म की कहानी की तरह अगर आपको अपनी जिंदगी से कुछ भूलना हो तो आप किस चीज को भुला देना चाहेंगी? जब उनसे ये सवाल पूछा गया तो सामंथा ने सीधे पूछ लिया कि क्या आप ये सवाल मेरे रिलेशनशिप को लेकर पूछ रहे हैं? फिर उनसे कहा गया कि आप भूलने के लिए कोई भी चीज चुन सकती हैं, जरूरी नहीं कि सिर्फ रिलेशनशिप की ही बात हो। सामंथा ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है जो वो भुलाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी के हर एक्सपीरियंस ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया है। बीते दिनों सामंथा ने अपने एक्स हस्बैंड नागा चैतन्य से डाइवोर्स और अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर से गुजरने के बारे में खुलकर बात की थी। सामंथा ने आगे कहा- लेकिन मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकती। मैं इस सवाल का जवाब देकर मुश्किल में नहीं पड़ना चाहती। मैं हर चीज हमेशा याद रखना चाहती हूं, हर चीज ने मुझे कुछ न कुछ सीखाया है।

# 'रोडीज सीजन 19' के साथ कमबैक करेंगी रिया चक्रवती



एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती जल्द ही 'रोडीज सीजन 19' के साथ टीवी स्क्रीन पर कमबैक करने वाली हैं। रिया प्रिंस नरूला और गौतम गुलाटी के साथ गैंग लीड करेंगी। चैनल ने शो का प्रोमो रिलीज किया है। इस प्रोमो वीडियो में ब्लैक ऑउटफिट में रिया बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रही हैं। वीडियो में रिया कह रही हैं- आपको क्या लगा मैं वापस नहीं आउंगी, डर जाउंगी, डरने की बारी किसी और की है।

**'रोडीज कर्म या कांड' का पार्ट बनने के लिए एक्साइटेड हूं**

शो से टीवी पर कमबैक करने के बारे में रिया ने कहा- मैं 'रोडीज कर्म या कांड' का पार्ट बनने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। मैं सोनू सूद और बाकी गैंग लीडर्स के साथ काम करने को लेकर भी एक्साइटेड हूं। इस शो के दौरान मुझे अपना वो साइड सामने लाने का मौका मिलेगा जो किसी से डरता नहीं है। मुझे उम्मीद है कि मुझे अपनी इस नई जर्नी में फैंस से बहुत सारा प्यार और सपोर्ट मिलेगा। इस प्रोमो वीडियो के अलावा चैनल ने 'रोडीज सीजन 19' के नए थीम- कर्म या कांड के टीजर भी रिलीज किए हैं। इस सीजन में सोनू सूद भी नजर आएंगे।



# शेफाली शाह का चौंकाने वाला खुलासा

एक्ट्रेस शेफाली शाह ने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। शेफाली शाह ने कहा- जैसा कि मैंने पहले ही कहा था कि हर कोई इससे गुजर चुका है। मुझे याद है कि मैं एक भीड़भाड़ वाले मार्केट में जा रही थी और किसी ने मुझे गलत तरीके से छुआ और मुझे ये बेहद घिनौना लगा। मैंने इस बारे में कभी किसी से बात नहीं की। ऐसा नहीं थी कि मैं गिल्टी महसूस कर रही थी, बल्कि मुझे बेहद शर्म आ रही थी। शेफाली शाह ने आगे कहा- हां मैं सहमत हूं आपसे, बहुत-से लोगों को लगता है कि क्या मैंने कुछ किया। आपको पछतावा होता है और शर्म आती है, आपको लगता है कि भूल जाओ सब। इस बात को कहीं अंदर ही दबा दो बस। सच कहूं तो मैंने इस बात को इतनी तवज्जो नहीं दी कि इस पर बात की जाए। ये बस कुछ ऐसा था कि ये मेरे अंदर एक पूरी फिल्म की तरह आकर समा गया।

# फिर मिली सलमान को जान से मारने की धमकी



सलमान खान पिछले दिन से काफी चर्चाओं में आ गए हैं। पहला कारण उनकी फिल्म किसी का भाई किसी का जान का ट्रेलर का जारी होना, जिसने आते ही इंटरनेट की दुनिया में तहलका मचाना शुरू कर दिया है। और दूसरा कारण यह है कि उन्हें एक बार फिर से जान से मारने की धमकी दी गई है। प्राप्त समाचारों के अनुसार एक अज्ञात शख्स ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके कहा कि वह सलमान खान को जान से मार देगा। इसके साथ ही शख्स ने एक्टर की हत्या करने की तारीख भी पुलिस को बताई है। इस खबर के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हडकंप मच गया है। प्राप्त समाचारों के अनुसार अज्ञात शख्स ने सोमवार की रात 9 बजे मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया और कहा कि वह 30 अप्रैल को सलमान खान की हत्या करेगा। इसके साथ ही शख्स ने अपना नाम रॉकी भाई बताया। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। ज्ञातव्य है कि ऐसा पहली बार नहीं है जब सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली हो। इससे पहले बिश्नोई गैंग ने कभी ईमेल के जरिए तो कभी चिट्ठी लिखकर सलमान को मारने की धमकी दी हैं। हाल ही में जेल में बैठे लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में सलमान खान को माफी ना मांगने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। गौरतलब है कि लॉरेंस बिश्नोई ने सरेआम कहा था, काले हिरण के शिकार के मामले में सलमान खान हमारे समाज से माफी मांग ले नहीं तो उसका ठोस जवाब दिया जाएगा। अगर हमारा समाज उन्हें माफ कर देता है तो फिर हमारा कोई लेना-देना नहीं है। बीकानेर से आगे हमारा मंदिर पड़ता है। सलमान खान वहां आकर माफी मांगे। हमारे इलाके में हम हरे पेड़ तक नहीं कटने देते और उन्होंने तो जीव हत्या की है। जिस इलाके में सबसे ज्यादा बिश्नोई समाज के लोग रहते हैं वहां आकर काले हिरण का शिकार किया। हम उनका अहंकार तोड़ देंगे। सलमान खान ने हमारे समाज के लोगों को पैसे भी ऑफर किए थे।